बाबौ आ गयौ रे
ओ३म् भूर्भुव स्वः । तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो न प्रचोदयात् ॥

Postal No. FZR/03/2025-27
E-mail: sarhad.kesri@gmail.com
95925-00112
97790-00122, 83858-00000
फिरोजपुर/फाजिल्का (पंजाब से प्रकाशित)

# सरहद केसरी

12 अगस्त 2026, बुधवार
28 सावन (2083)
अंक: 064 पृष्ठ: 08
वर्ष: 23 मूल्य: 2/-

# समाजसेवी करण गिल्होत्रा के नेतृत्व में किसानों द्वारा डैम मुद्दे पर राज्यपाल से मुलाकात

**सेना की तकनीकी टीम मौके का दौरा कर स्थिति का जायजा लेते हुए सौंपेगी रिपोर्ट**

- किसानों ने कहा– सुरक्षा के साथ उनके हितों का भी हो समाधान
- राज्यपाल बोले– देश की सुरक्षा सर्वोपरि, किसानों के हितों की भी होगी रक्षा




**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट फाजिल्का में डैम से जुड़े मुद्दे को लेकर धरने पर बैठे किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने समाजसेवी करण गिल्होत्रा के नेतृत्व में पंजाब के राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की समस्याओं और डैम से संबंधित चिंताओं को राज्यपाल के समक्ष रखा। बैठक के दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने किसानों को आश्वासन दिया कि देश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन किसानों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब भी देश की सुरक्षा के लिए किसानों की जरूरत पड़ी है,



किसानों ने हमेशा देश के साथ खड़े होकर अपना योगदान दिया है। अब जब किसानों के सामने समस्या आई है तो सेना और प्रशासन का भी दायित्व है कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव रास्ता तलाशा जाए। राज्यपाल ने कहा कि मामले को दोबारा गंभीरता से रिव्यू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता, लेकिन तकनीकी पहलुओं और किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा समाधान तलाशने का प्रयास होगा, जिससे दोनों पक्षों के हित सुरक्षित रह सकें। उन्होंने बताया कि इस मामले में सेना की तकनीकी टीम मौके का दौरा कर स्थिति का जायजा लेगी। टीम तकनीकी पहलुओं की जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट देगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई और समाधान का रास्ता तय किया जाएगा। साथ ही किसानो को साथ लेकर तकनीकी कमेटी के स्तर पर भी मामले की समीक्षा की जाएगी।

बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव विवेक प्रताप, आईएएस तथा पंजाब के जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे।

### ये किसान प्रतिनिधिमंडल में रहे शामिल

परमीत सिंह, गांव नूरशाह (फाजिल्का), रणधीर सिंह बराड़, गांव अभुन्न (फाजिल्का), हरीश चंदर, गांव लाधुका (फाजिल्का), साहिल कंबोज, गांव सलेमशाह (फाजिल्का), सुखदेव सिंह, गांव ढाणी मंगा सिंह (फाजिल्का), सुखदेव सिंह, गांव घुरका (फाजिल्का), हरमंदर सिंह, गांव किरियांवाली (फाजिल्का) और मनोज नागपाल, फाजिल्का।

# भाजपा मशीनरी पंजाब और उसके युवाओं को बदनाम करने के लिए फर्जी वीडियो फैला रही है: हरपाल सिंह चीमा

**हरभजन सिंह भाजपा शासित राज्यों के गुमराह करने वाले वीडियो शेयर करके पंजाब को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं : हरपाल सिंह चीमा**

**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** आम आदमी पार्टी (आप) के सीनियर नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राजस्थान का एक वीडियो शेयर करने, उसे गलत तरीके से पंजाब से जोड़ने और राज्य और उसके युवाओं को बदनाम करने की कोशिश करने के लिए पूर्व इंडियन क्रिकेटर और राज्यसभा मेंबर हरभजन सिंह पर निराशा जताई है।



मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस बात पर दुख जताया कि हरभजन सिंह, जिन्हें आप ने पंजाब के हितों को रिप्रेजेंट करने और राज्य के युवाओं के लिए काम करने के लिए राज्यसभा भेजा था, अब भाजपा के कैंपेन को प्रमोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरभजन सिंह को पंजाब के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के लिए और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए अपने प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करना चाहिए था, न कि गुमराह करने वाला कंटेंट शेयर करना चाहिए था जो पंजाब की छवि को ठेस पहुंचाता है।हरभजन सिंह के शेयर किए गए वीडियो का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया, पंजाब पुलिस ने वीडियो की जांच की और पाया कि यह असल में भाजपा शासित राजस्थान के श्री गंगानगर का है और इसका पंजाब से कोई लेना-देना नहीं है। हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा, तथ्यों की जांच करने के बजाय, भाजपा की आईटी मशीनरी दूसरे राज्यों से वीडियो उठाकर उन्हें पंजाब की घटनाओं के तौर पर दिखा रही है ताकि हमारे राज्य और उसके युवाओं को बदनाम किया जा सके।

पंजाब सरकार के 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम पर ज़ोर देते हुए, कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा, नशों के विरुद्ध लड़ाई में भगवंत मान सरकार की तरक्की को कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक दृढ़ 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम शुरू किया है, और सरकार ड्रग्स को खत्म करने और पंजाब के युवाओं को बेहतर मौके देने के लिए हर लेवल पर काम कर रही है।

पंजाब में भाजपा के रिकॉर्ड की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को अपना रिकॉर्ड भी देखना चाहिए। 2007 से 2017 तक अकाली-भाजपा सरकार के 10 सालों के दौरान ड्रग्स का खतरा बढ़ गया था। इसी दौरान 'चिट्टा' और 'स्मैक' जैसे शब्द पंजाब से बड़े पैमाने पर जुड़ गए, जिसकी वजह से अनगिनत युवाओं की ज़िंदगी ड्रग्स की गिरफ़्त में आकर बर्बाद हो गई।

खेल ढांचे पर सरकार के फोकस के बारे में बताते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भगवंत मान सरकार युवाओं को पॉजिटिव विकल्प देने के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रही है। पंजाब में 3,000 से ज़्यादा स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाए गए हैं, जबकि 6,000 और तैयार किए जा रहे हैं। हम स्पोर्ट्स में इन्वेस्ट शेष पेज 7 पर

# फिरोज़पुर में 30 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद, तीन व्यक्ति गिरफ्तार

- यह खेप आगे सप्लाई के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से भेजी गई थी : डीजीपी गौरव यादव




**फिरोज़पुर (नारायण धमीजा):** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए छेड़ी गई मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) फिरोज़पुर रेंज ने सीमा पार से चल रहे नशा तस्करी मॉड्यूल से संबंधित तीन व्यक्तियों को 30.672 किलोग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अनमोलप्रीत सिंह उर्फ अनमोल (24) निवासी कसूरी गेट, फिरोज़पुर; शेष पेज 7 पर






# जैन नगरी में बदहाल सीवरेज व्यवस्था से नर्क जैसे हालात, दूषित पानी में पलटा ऑटो

### बस स्टैंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक माह से जमा है गंदा पानी, दुकानदारों व राहगीरों को भारी परेशानी



**अबोहर (दीपक मेहता/लोकेश शर्मा):** शहर की जैन नगरी में लंबे समय से बदहाल पड़ी सीवरेज व्यवस्था के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जैन नगरी में बस स्टैंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पिछले करीब एक माह से बिना बरसात के ही दूषित सीवरेज का पानी जमा है। सड़क पर पानी जमा होने से जहां दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है, वहीं राहगीर भी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। लोगों में स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक नेताओं के प्रति भारी रोष पाया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने के कारण यह पता नहीं चलता कि पानी के नीचे सड़क की स्थिति कैसी है। इसका खामियाजा सोमवार रात एक व्यक्ति और उसकी बेटी को भुगतना पड़ा। पंजपीर नगर निवासी एक व्यक्ति अपनी बेटी को ऑटो में बैठाकर जैन नगरी स्थित नागपाल अस्पताल में दवा दिलवाने के लिए आया था। सड़क पर जमा दूषित पानी में उसे गड्ढा दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उसकी बेटी के पैर पर चोट लगी, जबकि ऑटो चालक बाल-बाल बच गया। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को ऑटो से बाहर निकाला।

दुकानदारों ने बताया कि कल सीवरेज साफ करने वाली एक मशीन गाद निकालने के लिए मौके पर पहुंची थी, लेकिन सफाई के बाद समस्या दूर होने के बजाय सीवरेज व्यवस्था पहले से भी अधिक जाम हो गई। इसके बाद सड़क पर पानी की निकासी पूरी तरह प्रभावित हो गई। लोगों का कहना है कि यह सड़क हनुमानगढ़ रोड को बस स्टैंड से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण मुख्य सड़क है, लेकिन लंबे समय से इसकी हालत बेहद खस्ता बनी हुई है। बिना बारिश के ही सड़क पर सीवरेज का पानी जमा रहने से बदबू और गंदगी के कारण आसपास के दुकानदारों और निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा उनकी समस्या की कोई सुनवाई नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेता भी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे। लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि एक-दो दिन के भीतर सीवरेज समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे धरना लगाने को मजबूर होंगे। उन्होंने सड़क का निर्माण भी प्राथमिकता के आधार पर करवाने की मांग की है।

# गांव तूतवाला के खेतों में ड्रोन गिरने की सूचना से इलाके में फैली सनसनी

### ● स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**अबोहर (दीपक मेहता/लोकेश शर्मा):** स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। इसी बीच श्रीगंगानगर रोड स्थित गांव तूतवाला के खेतों में ड्रोन गिरने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना खुईयां सरवर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर दी। बाद में सेना व बीएसएफ के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ड्रोन को जांच के लिए अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार गांव तूतवाला निवासी किसान टोनी के किन्नू के बाग में दोपहर अचानक एक काले रंग का ड्रोन आकर गिर गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने ड्रोन को गिरते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना खुईयां सरवर के थानेदार प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ड्रोन को कब्जे में लेकर आसपास के क्षेत्र की जांच की। कुछ देर बाद भारतीय सेना और बीएसएफ के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ड्रोन की जांच करने के बाद उसे अपने साथ ले लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में ड्रोन भारतीय सेना का बताया जा रहा है, जो किसी तकनीकी कारण के चलते खेतों में गिरा। हालांकि अधिकारियों की ओर से ड्रोन को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

ड्रोन गिरने की सूचना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल देखा गया। इसका कारण पिछले समय में सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से नशे और अवैध हथियारों की तस्करी की घटनाएं सामने आना है। ऐसे में खेत में ड्रोन मिलने की सूचना ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। सेना और बीएसएफ की जांच के बाद ही ड्रोन के संबंध में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# रेलवे स्टेशन पर पैसे मांगने वालों की खैर नहीं, यात्री की शिकायत पर पुलिस का एक्शन

### ● ट्रेन की बारीकी से चेकिंग-किन्नर का चालान



**अबोहर (दीपक मेहता/लोकेश शर्मा):** शहर से श्रीगंगानगर, गंगानगर से बठिंडा जाने वाली गाड़ियों में यात्रियों से पैसे मांगने का मामला सामने आने के बाद रेलवे पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एक रेल यात्री द्वारा की गई शिकायत के बाद आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेन की बारीकी से चेकिंग की और कथित तौर पर यात्रियों से पैसे मांगने वाले एक किन्नर का चालान किया और उन्हें कड़ी चेतावनी दी। इस बारे में जानकारी देते हुए आरपीएफ के एएसआई भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आरपीएफ के इंस्पेक्टर परमजीत कौर के आदेशों पर एक यात्री ने बताया कि ट्रेन में एक किन्नर द्वारा उससे पैसे मांगे गए। यात्री ने 10 रुपये दिए, लेकिन आरोप है कि 10 रुपये फेंककर उससे 100 रुपये ले लिए गए। इसके बाद वह ट्रेन से उतरकर चली गई। मामला पुलिस के ध्यान में आते ही रेलवे पुलिस द्वारा टीम गठित करते हुए एसआई रोहित प्रताप सिंह, एएसआई भूपेंद्र कुमार व स्टाफ द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने ट्रेन की बारीकी से चेकिंग की और मामले में कार्रवाई करते हुए किन्नर का चालान किया। रेलवे पुलिस की इस कार्रवाई के बाद यात्रियों ने राहत महसूस की। यात्रियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में पैसे मांगने के नाम पर यात्रियों को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# एलआरएस डीएवी विद्यालय में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए जीवन कौशल एवं डिजिटल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**अबोहर (दीपक मेहता):** एल.आर.एस. डीएवी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए जीवन कौशल एवं डिजिटल जागरूकता विषय पर एक संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन विद्यालय की परामर्शदात्री सुश्री जिया एवं सुश्री खुशप्रीत ने किया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यार्थियों को आत्मचिंतन एवं स्वयं को बेहतर ढंग से समझने के लिए प्रेरित करने वाली रोचक गतिविधियों से हुआ। इसके पश्चात किशोरावस्था के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर सार्थक चर्चा की गई। इनमें साथियों का दबाव, पढ़ाई एवं व्यक्तिगत जीवन में संतुलन, डिजिटल उपकरणों की बढ़ती निर्भरता तथा इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

विद्यार्थियों को समय के प्रभावी प्रबंधन के लिए 25-5 नियम तथा सप्ताह के 168 घंटों के योजनाबद्ध विभाजन जैसी उपयोगी तकनीकों से परिचित करवाया गया। साथ ही, दैनिक जीवन में आत्म-देखभाल को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। विद्यार्थियों को कृतज्ञता का भाव विकसित करने, नियमित रूप से डिजिटल माध्यमों से कुछ समय के लिए दूरी बनाने तथा आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार, अनुभव एवं प्रश्न साझें किए । इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती स्मिता शर्मा ने कहा कि किशोरावस्था व्यक्तित्व निर्माण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन की विभिन्न चुनौतियों का विवेकपूर्ण ढंग से सामना करने, स्वस्थ आदतें विकसित करने तथा जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए तैयार करते हैं। गौरतलब है कि डीएवी विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है, ताकि विद्यार्थी शैक्षणिक विकास के साथ-साथ जीवन कौशल, मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन एवं समय प्रबंधन जैसी जीवन की विभिन्न परिस्थितियों का आत्मविश्वास एवं विवेकपूर्ण ढंग से सामना करने में सक्षम बनें।

# गोपीचंद आर्य महिला कॉलेज में तीन दिवसीय विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम 'लेट्स गेट कॉलेज स्मार्ट' का सफल आयोजन



**अबोहर (दीपक मेहता):** गोपीचंद आर्य महिला कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 5 से 7 अगस्त तक तीन दिवसीय विद्यार्थी इंडक्शन कार्यक्रम 'लेट्स गेट कॉलेज स्मार्ट' का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, विभिन्न विभागों, सुविधाओं, गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अवसरों से परिचित करवाना तथा उन्हें कॉलेज जीवन के लिए सहज एवं आत्मविश्वासी बनाना रहा।

कार्यक्रम के प्रथम दिन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेखा सूद हांडा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने, अनुशासन के साथ अध्ययन करने तथा कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात् इंडक्शन प्रोग्राम इंचार्ज श्रीमती परिधि कटारिया ने विद्यार्थियों को इंडक्शन कार्यक्रम की रूपरेखा एवं महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

दूसरे दिन विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों एवं रुचि-आधारित क्षेत्रों से परिचित करवाया गया। फाइन आर्ट्स, कॉमर्स, कंप्यूटर, फैशन एवं ब्यूटी से संबंधित विभागों के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में शिक्षा के साथ-साथ करियर की संभावनाओं से भी अवगत करवाया गया। संबंधित प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

तीसरे दिन विद्यार्थियों को महाविद्यालय में सक्रिय विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र गतिविधियों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, लाइब्रेरी, तथा इको क्लब के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्हें समझाया गया कि शिक्षा के साथ इन गतिविधियों में भागीदारी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास जैसे गुणों को विकसित करती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ भाग लिया। तीन दिनों में आयोजित विभिन्न सत्रों ने विद्यार्थियों को न केवल महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से परिचित करवाया, बल्कि उन्हें अपनी रुचि एवं प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने के लिए एक सकारात्मक दिशा भी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें बी.ए. की छात्रा खुशी ने 9.13 एसजीपीए के साथ पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरसीरत कौर ने 9 एसजीपीए के साथ पंजाब यूनिवर्सिटी में चौथा तथा महाविद्यालय में दूसरा स्थान, मनप्रीत कौर ने 8.96 एसजीपीए के साथ पंजाब यूनिवर्सिटी में पांचवां तथा महाविद्यालय में तीसरा स्थान और रेखा ने 8.79 एसजीपीए के साथ पंजाब यूनिवर्सिटी में पांचवां तथा महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महक शर्मा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंजाब यूनिवर्सिटी में द्वितीय स्थान एवं महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके अतिरिक्त एम.ए. अंग्रेजी की छात्राओं सिमरन टाक ने पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रथम तथा रैना सेतिया ने पांचवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन सभी प्रतिभाशाली छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंडक्शन प्रोग्राम इंचार्ज सुश्री परिधि कटारिया, तकनीकी सहयोगी सुनील उपनेजा एवं डॉ. अमरदीप सिंह तथा विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा मंच संचालन मैडम आरुषि ने किया। प्राचार्या डॉ. रेखा सूद हांडा ने आयोजन की सफलता पर सभी सहयोगी सदस्यों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# हैपेटाइटिस एक साइलेंट किलर है: डॉ. नवीन मित्तल

**अबोहर (दीपक मेहता) :** सिविल सर्जन फाजिल्का डॉ. कविता और एसएमओ सुमित सिंह की अगुवाई में सीतो गुनो में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया इस अवसर पर ब्लॉक मास मीडिया सुनील टंडन ने बताया कि लीवर हमारे शरीर का सबसे बड़ा और अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जो रक्त को शुद्ध करने, भोजन को वाला) पचाने, ऊर्जा का निर्माण करने तथा शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने सहित 500 से अधिक महत्वपूर्ण कार्य करता है। लेकिन वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली, लगातार बाहर का तला-भुना भोजन, जंक फूड, दूषित पानी का सेवन तथा अत्यधिक शराब पीने की आदत के कारण लीवर संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप फैटी लीवर, लीवर सिरोसिस, लीवर कैंसर और हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

डॉ. नवीन ने बताया कि हेपेटाइटिस को साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि यह बीमारी लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर में विकसित होती रहती है। अधिकांश लोगों को तब तक इसकी जानकारी नहीं मिलती जब तक लीवर को गंभीर नुकसान नहीं पहुंच चुका होता। हेपेटाइटिस मुख्य रूप से पांच प्रकार का होता है- हैपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई। इनमें हैपेटाइटिस ए और ई प्राय: दूषित भोजन और दूषित पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि अन्य प्रकार संक्रमित रक्त, असुरक्षित सुई एवं अन्य माध्यमों से फैल सकते हैं।

इसके लक्षणों में भूख कम लगना, पेट में दर्द, अत्यधिक थकान, हल्का बुखार, गहरे रंग का पेशाब तथा आंखों और त्वचा का पीला पड़ना जैसे लक्षण सामने आते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छ भोजन और स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें, शराब से परहेज करें, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाएं तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार हैपेटाइटिस की जांच और टीकाकरण करवाएं।

# स्केटिंग में दियारा मित्तल ने जीता गोल्ड और कांस्य पदक, राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**अबोहर (दीपक मेहता) :** पंजाब सरकार की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय प्राइमरी खेलों के तहत जिला स्तरीय अंडर-11 स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन गांव माहूआना बोदला स्थित रेडिएंट पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में डीपीएस स्कूल की छात्रा दियारा मित्तल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1000 मीटर स्केटिंग में स्वर्ण पदक और 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। शानदार प्रदर्शन के दम पर दियारा का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में डीपीएस स्कूल की छात्रा दियारा मित्तल और रियर्थ मित्तल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इसके आधार पर दोनों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था। गांव माहूआना बोदला स्थित रेडिएंट पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय मुकाबले में दियारा ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 1000 मीटर स्पर्धा में पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि 500 मीटर स्पर्धा में उसने कांस्य पदक अपने नाम किया। रियर्थ मित्तल ने भी बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए 1500 मीटर प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। दियारा और रियर्थ के शानदार प्रदर्शन से स्कूल व मित्तल परिवार में खुशी का माहौल है। डीपीएस स्कूल प्रबंधन ने दोनों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और दियारा को आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अक्षरधाम में लॉन्च किए चार नए टूरिज्म सर्किट

**अबोहर (दीपक मेहता):** दिल्ली की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को अक्षरधाम मंदिर परिसर में चार नए टूरिज्म सर्किट लॉन्च किए। इस कार्यक्रम में संबंधित मंत्रालय के विशेष अधिकारियों समेत, गणमान्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम जन नागिरक उपस्थित रहे।

आध्यात्मिक एवं विरासत पर्यटन सम्मेलन 2026 के शीर्षक तले आयोजित इस कार्यक्रम को दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सद्गुरु श्री जग्गी वासुदेव ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान अक्षरधाम परिसर में एक विशेष 'हेरिटेज वॉक' का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने दिल्ली की सांस्कृतिक और स्थापत्य धरोहर से जुड़ी बारीकियों की जानकारी हासिल की। सद्गुरु श्री जग्गी वासुदेवजी ने अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए और मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा को सराहा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अक्षरधाम परिसर की पवित्रता और आध्यात्मिक अनुभूति में इस कार्यक्रम के लोकार्पण करते हुए ख़ुशी जाहिर की। पर्यटन विभाग द्वारा विमोचित चार नए सर्किट राजधानी के प्रमुख मंदिरों, अन्य धार्मिक स्थलों के साथ-साथ उन ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों को भी आपस में जोड़ते हैं, जो अभी तक पर्यटन के नक्शे में कम चर्चित रहे हैं। पर्यटन विभाग का उद्देश्य पर्यटकों को एक ही यात्रा में दिल्ली की समृद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत का अनुभव कराना है।

गौरतलब है कि कार्यक्रम का आयोजन स्थल अक्षरधाम, दिल्ली की आध्यात्मिक और स्थापत्य विरासत का सबसे जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व के सबसे बड़े व्यापक हिंदू मंदिर के रूप में मान्यता प्राप्त यह मंदिर, भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक स्थापत्य धरोहर और उच्च आदर्शों से विश्व भर से आने वाले लोगों को परिचित करा रहा है। दिल्ली के अक्षरधाम समेत विश्व में 1800 से अधिक मंदिरों और आध्यात्मिक केंद्रों का निर्माण करने वाली बीएपीएस संस्था के प्रमुख और आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य महंतस्वामी महाराज ने सभी के उत्कर्ष, सुस्वास्थ्य और नीति मय जीवन के लिए प्रार्थना की। इस समग्र कार्यक्रम में अक्षरधाम के कार्यवाहक संत मुनिवत्सल स्वामी की अहम भूमिका रही।




# जागरण से लौट रहे ऑटो चालक पर हमला, ईंट-पत्थर और लाठियों से तोड़ा ऑटो



**अबोहर (दीपक मेहता/लोकेश शर्मा):** सुभाष नगर में देर रात जागरण से लौट रहे साउंड व झांकियों से जुड़े लोगों पर कुछ युवकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले साउंड वाले वाहन पर ईंट-पत्थर बरसाए। वाहन के वहां से निकल जाने के बाद उन्होंने नई आबादी निवासी ऑटो चालक अश्विनी कुमार को घेर लिया और लाठियों-डंडों व ईंटों से हमला कर उसका ऑटो क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में अश्विनी घायल हो गया। उसने हमलावरों पर हजारों रुपए की नकदी और मोबाइल फोन ले जाने का भी आरोप लगाया है। घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



जागरण में आए युवक को झांकी वालों का बैग ले जाते रोका था श्याम बाबू ने बताया कि सुभाष नगर निवासी मोनू के घर पर सोमवार रात जागरण था। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे आरती के दौरान एक अज्ञात युवक वहां आया और झांकियों वालों का बैग लेकर भागने लगा। उन्होंने युवक को रोककर समझाया और वहां से भेज दिया। इसके बाद जागरण संपन्न होने पर साउंड वाले और झांकियों वाले टेंपो में दरबार लेकर जा रहे थे। श्याम बाबू के अनुसार, सुभाष नगर शमशान भूमि के पास 3-4 युवक लाठियां-डंडे लेकर आए और साउंड वाले वाहन पर पथराव शुरू कर दिया। चालक वाहन लेकर वहां से निकल गया। इसके बाद युवकों ने ऑटो चालक अश्विनी कुमार को घेर लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए ऑटो में तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद लोगों ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि हमलावर युवक सुभाष नगर के ही रहने वाले हैं।

# सचखंड कॉन्वेंट स्कूल में छाया तीज का रंग, झूम उठे छात्र-छात्राए




**अबोहर (दीपक मेहता):** सचखंड कॉन्वेंट स्कूल में तीज का पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के हाथों पर सुंदर मेहंदी लगाई तथा मनमोहक नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'नारी शक्ति' पर आधारित विशेष अभिनय ने महिला सशक्तिकरण का सुंदर संदेश दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण शिक्षिकाओं के बीच आयोजित 'मिस तीज' चयन रहा, जिसमें शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विद्यालय का वातावरण तीज के रंग, संगीत और उल्लास से सराबोर रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मिस श्वेता आहूजा एवं निदेशक मिस्टर कुलतारा अशोक आहुजा ने सभी को तीज की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नशा विरोधी जागरूकता अभियान को और मजबूती, 1 करोड़ के टोकन ग्रांट के तहत 12 जिलों के लिए 85 लाख, मलोट के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए 15 लाख आरक्षित

### डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में जागरूकता और रोकथाम गतिविधियों को मिलेगी और रफ्तार



**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** पंजाब में नशों के विरुद्ध जागरूकता और रोकथाम गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग को वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान 1 करोड़ का टोकन ग्रांट प्राप्त हुआ है। इसमें से 12 जिलों में जागरूकता और रोकथाम गतिविधियों के लिए 85 लाख जारी किए गए हैं, जबकि माह अगस्त, 2026 के दौरान श्री मुक्तसर साहिब के मलोट में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय नशा विरोधी कार्यक्रम के लिए 15 लाख आरक्षित रखे गए हैं।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार नशों के खात्मे के लिए जागरूकता, रोकथाम, पुनर्वास और जनभागीदारी को समान महत्व दे रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशों से दूर रखना और स्वस्थ समाज का निर्माण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि फाजिल्का, तरन तारन, फिरोजपुर, फरीदकोट, श्री मुक्तसर साहिब, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर (मोहाली), पठानकोट, कपूरथला, गुरदासपुर, लुधियाना और पटियाला जिलों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इनके तहत स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरी क्षेत्रों में नशों के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और युवाओं को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मलोट में होने वाला राज्य स्तरीय नशा विरोधी कार्यक्रम उनकी अध्यक्षता में करवाया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों, समाज सेवी संस्थाओं और अन्य हितधारकों की व्यापक भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नशों के घातक प्रभावों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने, युवाओं में रोकथाम की सोच को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग को नशा-मुक्त पंजाब के अभियान से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि नशों के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की साझा जिम्मेदारी है। परिवारों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही हम नशा-मुक्त पंजाब का सपना साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सभी हितधारकों के सहयोग से जागरूकता और रोकथाम गतिविधियों को और विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि नशों के विरुद्ध संदेश पंजाब के हर कोने तक पहुँच सके।

# आप ने पंजाब यूनिवर्सिटी चुनाव के लिए सांसद मीत हेयर और विधायक अमृतपाल सिंह सुखानंद को बनाया चुनाव इंचार्ज

**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने आज सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर और विधायक अमृतपाल सिंह सुखानंद को पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल (पीयूसीएससी) के आने वाले चुनाव के लिए चुनाव इंचार्ज बनाने की घोषणा की। ये नियुक्तियां आप की स्टूडेंट विंग - एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) के लिए की गई हैं, क्योंकि पार्टी ने पंजाब यूनिवर्सिटी में आने वाले स्टूडेंट चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। आप पंजाब ने दोनों नेताओं को नई ज़िम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनका अनुभव और युवाओं के साथ जुड़ाव यूनिवर्सिटी में पार्टी के स्टूडेंट प्रोपेगैंडा और कैंपेन को और मज़बूत करेगा।

मीडिया को संबोधित करते हुए, विधायक अमृतपाल सिंह सुखानंद ने कहा कि ये नियुक्तियां आने वाले पीयूसीएससी चुनावों की तैयारियों की शुरुआत हैं, जिनके अगले महीने होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एएसएपी की स्टेट टीम ने चुनावों को लेकर अपने सीनियर और पुराने पदाधिकारियों के साथ डिटेल्ड मीटिंग की है और सभी मिलकर स्टूडेंट्स के बीच पार्टी की पहचान को और मजबूत करने के लिए काम करेंगे।



सुखानंद ने कहा कि आप ने हमेशा एजुकेशन और स्टूडेंट्स के हक के मुद्दे उठाए हैं और युवाओं को राजनिति में लाने के लिए लगातार कोशिशें की हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी का इतिहास बहुत गर्व और शानदार रहा है, जिसने बड़े लीडर्स दिए हैं, जिन्होंने पंजाब और देश के डेवलपमेंट में अहम योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि जब भी एजुकेशन, स्टूडेंट्स के हक या युवाओं की नई पीढ़ी को पॉलिटिक्स में लाने की बात आती है, आप हमेशा सबसे आगे रही है। हम इन चुनावों की पूरी तैयारी कर रहे हैं क्योंकि हम यह पक्का करना चाहते हैं कि स्टूडेंट्स की आवाज़ मज़बूती से सुनी जाए।

देश भर में स्टूडेंट्स के प्रोटेस्ट का जिक्र करते हुए सुखानंद ने कहा कि आप और उसके स्टूडेंट विंग ने एग्जाम से जुड़ी दिक्कतों और पेपर लीक जैसे स्टूडेंट्स के भविष्य पर असर डालने वाले मुद्दों के खिलाफ प्रोटेस्ट कर रहे स्टूडेंट्स का पूरा सपोर्ट किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के स्टूडेंट लीडर्स ने दिल्ली के जंतर-मंतर के साथ-साथ देश भर के कॉलेज और यूनिवर्सिटी में धरनों में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि 70 से ज़्यादा पेपर लीक होने की वजह से करीब दो करोड़ स्टूडेंट्स के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और इस अनिश्चितता और मानसिक तनाव की वजह से कई स्टूडेंट्स की जान चली गई है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ़ राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं; ये सीधे हमारी नई पीढ़ी के भविष्य पर असर डालते हैं।

सुखानंद ने पंजाब यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स से जुड़े लोकल मुद्दों पर भी बात की, जिसमें साफ़-सफ़ाई, हॉस्टल की सुविधाएँ, कैंपस की सुरक्षा और दूसरी समस्याएँ शामिल हैं। एक स्टूडेंट की बिजली के तार की चपेट में आने से हुई मौत का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सिस्टम को जो छोटी सी लापरवाही लगती है, वह एक परिवार के लिए अमानवीय त्रासदी बन सकती है।

उन्होंने कहा कि आप स्टूडेंट विंग पीयूसीएससी चुनावों के दौरान स्टूडेंट्स को प्रभावित करने वाले नेशनल मुद्दों और कैंपस के लोकल मुद्दों, दोनों को प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने आगे कहा कि एएसएपी ने साबित कर दिया है कि स्टूडेंट्स की लड़ाई का नतीजा मिलता है, क्योंकि पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट के ख़िलाफ़ कैंपेन के बाद, केंद्र सरकार को यह घोषणा करनी पड़ी कि सीनेट चुनाव फिर से होंगे।

अमृतपाल सुखानंद ने आगे कहा कि स्टूडेंट पॉलिटिक्स भविष्य की पॉलिटिकल लीडरशिप को बनाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट पॉलिटिक्स से निकलने वाले युवा नेताओं का नज़रिया बड़ा होता है, उन्हें पब्लिक मुद्दों की बेहतर समझ होती है और लोगों के बीच काम करने का उनमें ज़्यादा जज्बा होता है।

उन्होंने कहा कि आप पंजाब यूनिवर्सिटी में ऐसा माहौल बनाना चाहती है जहाँ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दूसरे इलाकों के छात्र काबिल और ईमानदार पॉलिटिकल लीडर बनकर उभर सकें। उन्होंने कहा कि हम ऐसे नेता तैयार करना चाहते हैं जो इस यूनिवर्सिटी से पास होकर पब्लिक लाइफ में आने के बाद लोगों की आवाज़ बनें और उनके लिए ईमानदारी, लगन और जोश के साथ काम करें। विधायक सुखानंद ने कहा कि आप ने उस पुराने पॉलिटिकल सिस्टम को चुनौती दी है जो अक्सर युवाओं को पॉलिटिक्स से दूर रखता था। उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी की स्टूडेंट विंग पब्लिक सर्विस के लिए कमिटेड नेताओं की नई पीढ़ी तैयार करती रहेगी।

## वन मंत्री लाल चंद कटारूचक्क का एलान : पंजाब में 760.30 करोड़ का जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण परियोजना जापानी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी 'जीका' के सहयोग से लागू होगी

### एग्रोफॉरेस्ट्री, भूजल संरक्षण, इकोटूरिज्म पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** सूबे में एग्रोफॉरेस्ट्री के माध्यम से पेड़ों के नीचे रकबा बढ़ाना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और जैव विविधता को सुरक्षित करने के साथ-साथ इसमें वृद्धि करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पंजाब वन विभाग द्वारा जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जीका) के साथ सहयोग के लिए पहल की गई है।

'जीका' की सहायता से राज्य में पंजाब जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण परियोजना लागू करने का प्रस्ताव है। यह जानकारी देते हुए यहां एक बैठक में पंजाब के वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य एग्रोफॉरेस्ट्री को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा, भूजल को बचाना, शिवालिक क्षेत्र में एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन करना है। इसके अलावा किसानों की आय में वृद्धि करना और पराली से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकना तथा ग्रामीण समुदायों की आय में वृद्धि करना भी महत्वपूर्ण पहलू हैं। इस परियोजना का एक उद्देश्य इकोटूरिज्म को बढ़ावा देना भी है ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। इसके अलावा जैव विविधता का संरक्षण और राज्य के वेटलैंड्स में सुधार करना भी इस परियोजना का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस उद्देश्य के लिए पर्यावरण और वनों की देखभाल के साथ लोगों की आय के लिए कृषि के अलावा पशुपालन को विकसित किया जाएगा। श्री कटारूचक्क ने यह भी कहा कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 760.30 करोड़ रुपये है, जिसमें 85:15 के अनुपात के अनुसार वित्तीय हिस्सेदारी है। परियोजना को 8 वर्षों की अवधि के दौरान लागू करने का प्रस्ताव है और इसे सोसायटी मोड के माध्यम से लागू किया जाना है।



पंजाब मंत्रिमंडल द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना को पहले ही मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा, परियोजना के लिए ऋण समझौते पर 'जीका' और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आर्थिक मामलों के विभाग के बीच हस्ताक्षर भी किए जा चुके हैं। पंजाब सरकार द्वारा इस परियोजना के प्रभावी संचालन और कार्यान्वयन के लिए पंजाब जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण सोसायटी के गठन को भी मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। यह परियोजना पंजाब में टिकाऊ शेष पेज 7 पर

## भाजपा के इशारे पर, पूर्व क्रिकेटर और राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह भज्जी और दूसरे सेलिब्रिटी सोशल मीडिया पर पंजाब को बदनाम करने के लिए चला रहे हैं मुहिम: बलतेज पन्नू

● 'लाइक' और 'व्यू' पाने के लिए, राजस्थान के एक वीडियो को पंजाब का बताकर झूठ फैलाया जा रहा है : बलतेज पन्नू ● जब गुजरात से हज़ारों किलो ड्रग्स बरामद होने की खबर सामने आई, तब ये नेता और सेलिब्रिटी चुप क्यों थे? बलतेज पन्नू ● जिस पार्टी ने भज्जी को सम्मान दिया और उन्हें राज्यसभा की कुर्सी पर बिठाया, उनकी पीठ में छुरा घोंप कर भाजपा की गोद में जा बैठे : बलतेज पन्नू

**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** आम आदमी पार्टी (आप) के पंजाब स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने पूर्व क्रिकेटर और राज्यसभा मेंबर हरभजन सिंह भज्जी और दूसरे सेलिब्रिटीज़ द्वारा सोशल मीडिया पर पंजाब को बदनाम करने के लिए चलाए जा रहे कैंपेन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने भज्जी को इज्ज़त दी और राज्यसभा की कुर्सी पर बिठाया, उसी ने उनकी पीठ में छुरा घोंपा और भाजपा से मिल गई। आज ये भ्रष्ट नेता और सेलिब्रिटीज़ भाजपा के इशारों पर नाच रहे हैं और उनके परोसे गए झूठ के पुलिंदे को अनदेखा करके और उन्हें वायरल करके पंजाब, पंजाब पुलिस और सरकार की पीठ में छुरा घोंपने की गंदी साजिश रच रहे हैं।



मंगलवार को एक कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करते हुए बलतेज पन्नू ने स्पष्ट किया कि हरभजन भज्जी और सोनू सूद जैसे सेलिब्रिटीज़ जो वीडियो पंजाब का बताकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं, वह पंजाब का नहीं, बल्कि राजस्थान का है। बिना कोई फैक्ट जाने, सिर्फ 'लाइक' और 'व्यूज़' पाने के लिए ऐसे फर्जी वीडियो पोस्ट करके पंजाब को बदनाम किया जा रहा है। पन्नू ने सवाल किया कि ये नेता और सेलिब्रिटी तब चुप क्यों हैं जब मुंद्रा पोर्ट (गुजरात) से हजारों किलो ड्रग्स बरामद होने और चूहों द्वारा खाए जाने की खबरें आई थीं। ड्रग्स आज एक विश्व व्यापी समस्या है, जिसके खिलाफ एफबीआई के 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' जैसे ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन पंजाब में भाजपा की चाल के तहत राज्य को टारगेट किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम के तहत जिला, विधानसभा, शहर और गांव लेवल पर 'विलेज डिफेंस कमेटियों' के जरिए ग्राउंड लेवल पर ड्रग्स के खिलाफ जंग लड़ी जा रही है। बॉर्डर पर एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं और आम लोग डायरेक्ट ऐप के जरिए डीजीपी और मुख्यमंत्री को जानकारी भेज रहे हैं। पंजाब पुलिस के परफॉर्मेंस के आंकड़े शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि 1 मार्च, 2025 से 9 अगस्त, 2026 तक पंजाब पुलिस ने 56,267 केस दर्ज किए और 75,552 आरोपियों को नामजद किया। इसके अलावा 3,575 किलोग्राम हेरोइन, 509 किलोग्राम स्मैक, 880 किलोग्राम अफीम, 43,271 किलोग्राम पोस्ता (डोडे), 95 किलोग्राम से ज़्यादा चरस बरामद किया गया और 21 करोड़ 71 लाख 267 रुपये की ड्रग मनी ज़ब्त की गई।

पन्नू ने कहा कि पंजाब में ड्रग्स का खतरा पिछली सरकारों के समय 2007 से 2017 के बीच शुरू हुआ, जिसने एक पूरी पीढ़ी को बर्बाद कर दिया। आज मान सरकार की कोशिशों से युवाओं का ध्यान खेलों की तरफ गया है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और भारतीय हॉकी टीम के 9 खिलाड़ी पंजाब के युवा हैं। हरभजन भज्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि खुद खिलाड़ी होते हुए उन्होंने पंजाब के बच्चों को खेलों से जोड़ने में क्या योगदान दिया? पन्नू ने पंजाब के लोगों, पुलिस और विलेज डिफेंस कमेटियों के योद्धाओं की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरकार और पंजाब के लोग इस मुहिम में पूरी तरह डटे हुए हैं। उन्होंने भज्जी और दूसरों द्वारा पंजाब को बदनाम करने के लिए रची जा रही ऐसी झूठी साजिशों की कड़ी निंदा की।

## श्री गुरु रविदास जी महाराज की बाणी में समानता, सम्मान और सामाजिक न्याय का शाश्वत संदेश: हरपाल सिंह चीमा

● श्री गुरु रविदास जी महाराज की बाणी में 650 वर्ष पहले ही प्रतिबिंबित थे स्वतंत्रता, समानता और गैर-भेदभाव के सिद्धांत : हरपाल सिंह चीमा




**चंडीगढ़/एस.ए.एस. नगर (सरहद केसरी ब्यूरो):** पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा ने आज कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की पवित्र बाणी समानता, मानव गरिमा, सामाजिक न्याय और सार्वभौमिक भाईचारे का शाश्वत संदेश देती है, जो आज के समाज में भी अत्यंत प्रासंगिक है। एमिटी यूनिवर्सिटी, मोहाली में 'श्री गुरु रविदास जी महाराज की बाणी एवं सामाजिक समानता' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार को संबोधित करते हुए श्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि गुरु जी महाराज की शिक्षाओं ने जाति, धर्म और सामाजिक स्थिति की सीमाओं से ऊपर उठकर प्रत्येक मनुष्य की अंतर्निहित गरिमा और समानता पर बल दिया।

श्री गुरु रविदास जी महाराज द्वारा परिकल्पित समाज के संबंध में उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने ऐसे समाज की कल्पना की थी, जो समानता, न्याय, करुणा और आपसी सम्मान पर आधारित हो। उनकी बाणी हमें हर प्रकार के भेदभाव को अस्वीकार करने तथा ऐसे समावेशी समाज के निर्माण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो।

मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की हालिया पहल का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा डेरा बल्लां के फरीदपुरा नौगज़ा में अत्याधुनिक श्री गुरु रविदास जी बाणी अध्ययन केंद्र स्थापित करने की पहल की गई है। यह केंद्र 25 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जाएगा, जबकि भूमि की खरीद पर लगभग 11 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। यह केंद्र श्री गुरु रविदास जी महाराज की गहन शिक्षाओं के शोध, अध्ययन और प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

गुरु जी महाराज की विचारधारा के सार्वभौमिक और प्रगतिशील स्वरूप को उजागर करते हुए श्री चीमा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता और गैर-भेदभाव जैसे सिद्धांत, जिन्हें पश्चिमी देशों में 19वीं शताब्दी से संस्थागत मान्यता मिलनी शुरू हुई, वे सिद्धांत श्री गुरु रविदास जी महाराज तथा अन्य महान संतों की शिक्षाओं में लगभग 650 वर्ष पहले ही विद्यमान थे। उनकी समतावादी दृष्टि अपने समय से बहुत आगे थी और आज भी मानवता को गरिमा एवं समानता पर आधारित समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती है।

वर्तमान समय में गुरु जी महाराज की शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए श्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि महान गुरु जी महाराज द्वारा दिया गया समानता का संदेश वर्तमान दौर में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। देश में राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता में मौजूद कुछ राजनीतिक ताकतों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया जा रहा है, जो महान गुरु जी महाराज द्वारा प्रतिपादित समानता, स्वतंत्रता और मानव गरिमा के मूल संदेश के विपरीत है।

भारत की विविधता और सामाजिक सद्भावना के संबंध में वित्त मंत्री ने कहा कि यद्यपि भारत के लोग विभिन्न धर्मों, जातियों और समुदायों से संबंधित हैं तथा रंग-रूप और संस्कृति में विविधता रखते हैं, लेकिन लोगों के बीच एकता और भाईचारे की भावना किसी भी विभाजनकारी प्रयास को सफल नहीं होने देगी। मैं विशेष रूप से युवा पीढ़ी सहित सभी लोगों से आह्वान करता हूं कि वे श्री गुरु रविदास जी महाराज की सार्वभौमिक शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर सामाजिक सद्भावना और समानता के बंधनों शेष पेज 7 पर

## मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजाब में 1.39 करोड़ रुपये की लागत से आग से झुलसे पीड़ितों को 265 इलाज कैशलेस मुहैया कराए गए

● मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत 38.90 लाख रुपये की लागत से पोस्ट-बर्न कॉन्ट्रैक्चर के 75 इलाज किए गए ● कैशलेस बर्न ट्रीटमेंट से मरीज अस्पताल के बिल की चिंता की बजाय स्वस्थ होने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं : डा. बलबीर सिंह ● बठिंडा में आग से झुलसने (बर्न) संबंधी मामलों के सबसे अधिक लाभार्थी, पोस्ट-बर्न कॉन्ट्रैक्चर सामान्य इलाज प्रक्रिया के रूप में उभरा

**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** आग कुछ ही मिनटों में बुझ सकती है, लेकिन इससे होने वाला नुकसान काफी लंबे समय तक रह सकता है। आग से गंभीर रूप से झुलसने वाले व्यक्ति के लिए आग की लपटों से बाहर निकलना सिर्फ शुरुआत होती है। इसके बाद बार-बार ड्रेसिंग, विभिन्न मेडिकल प्रक्रियाएं, पुनर्निर्माण और महीनों तक रिकवरी चल सकती है। मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजाब में आग से झुलसने के इलाज से संबंधित ताजा आंकड़े इस मुश्किल सफर को बयान करते हैं। योजना के तहत 1.39 करोड़ रुपये की लागत से जलने के 265 इलाज मुहैया कराए गए हैं।

शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लगने से 24 साल का अर्जुन कुमार जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए बठिंडा ले जाया गया, जहां लगभग 50,000 रुपये का इलाज योजना के तहत कैशलेस मुहैया कराया गया। अपने अनुभव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सब कुछ बहुत तेजी से हुआ। इलाज कैशलेस होने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने कहा कि वे अस्पताल के खर्चों की चिंता करने की बजाय अपने स्वस्थ होने पर ध्यान केंद्रित कर सके।

पंजाब राज्य स्वास्थ्य एजेंसी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत 31 से 45 साल की आयु वर्ग के पुरुषों के 61 इलाज किए गए, जो सभी आयु वर्गों में सबसे अधिक हैं। इन इलाजों पर 31.82 लाख रुपये खर्च हुए। 0 से 18 साल की आयु वर्ग के लड़कों के 39 इलाज हुए, जबकि इसी आयु वर्ग की लड़कियों के 27 इलाज किए गए। महिलाओं में 19 से 30 साल की आयु वर्ग में सबसे अधिक 26 इलाज दर्ज किए गए, जबकि 31 से 45 साल की आयु वर्ग की महिलाओं के 21 इलाज किए गए। सरल शब्दों में कहा जाए तो इलाज कराने वाले लाभार्थियों में बच्चों, नौजवानों और कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की बड़ी संख्या रही।

पंजाब के ये आंकड़े, आग से झुलसने के कारण होने वाले जख्मों के लंबे समय तक रहने वाले प्रभावों संबंधी मेडिकल रिसर्च के नतीजों से भी मेल खाते हैं। पबमीड़ के अनुसार, पंजाब के एक तृतीयक देखभाल अस्पताल में आग से झुलसने से पीड़ित 892 मरीजों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 79 प्रतिशत मरीज 15 से 45 साल की आयु के थे, जो यह दर्शाता है कि आग से झुलसने की घटनाएं लोगों को उनकी कामकाजी उम्र में गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। अध्ययन के दौरान भारत में सुलभ और किफायती बर्न केयर की जरूरत पर भी जोर दिया गया।



इस संबंधी स्वास्थ्य और परिवार भलाई मंत्री डा. बलबीर सिंह ने कहा कि आग से झुलसने के कारण होने वाले जख्म आग बुझने के साथ खत्म नहीं होते। कई मरीजों के लिए स्वास्थ्य लाभ का मतलब बार-बार होने वाली मेडिकल प्रक्रियाएं, पुनर्वास और लंबे समय तक देखभाल होता है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि इन परिवारों के लिए आर्थिक तंगी एक और जख्म न बन जाए। मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत मरीजों को इस चिंता की बजाय कि इलाज का खर्च कैसे किया जाएगा, अपनी स्वास्थ्य लाभ, रिकवरी और जिंदगी को पटरी पर लाने पर ध्यान केंद्रित करने के योग्य होना चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण आंकड़ों में से एक पोस्ट-बर्न कॉन्ट्रैक्चर से संबंधित हैं, जिसके 75 इलाज किए गए और इन पर 38.90 लाख रुपये खर्च हुए। पोस्ट-बर्न कॉन्ट्रैक्चर झुलसने के जख्मों के बाद बनने वाले स्कार टिशू के सिकुड़ने के कारण हो सकता है। इससे शरीर की गतिविधियां सीमित हो जाती हैं और रोजाना के आम काम करना भी मुश्किल हो सकता है। इस तरह, जलने के कारण होने वाले जख्मों का प्रभाव त्वचा के ठीक हो जाने के काफी समय बाद तक भी बना रह सकता है।

अन्य इलाज प्रक्रियाओं में शरीर की कुल सतह के जले हुए हिस्से का इलाज, टिशू एक्सपैंडर, इलेक्ट्रिकल और रसायनों के कारण झुलसने के मामलों का इलाज, एंटीबायोटिक ड्रेसिंग, स्किन फ्लैप, डिब्राइडमेंट और कान/नाक का पुनर्निर्माण शामिल है। ये सिर्फ सुंदरता से संबंधित समस्याएं नहीं हैं। कुछ मरीजों के लिए ये इलाज उनकी गतिविधियों, कार्यक्षमता और आत्मविश्वास को फिर से हासिल करने के लिए जरूरी होते हैं।

सूचीबद्ध जिलों में से बठिंडा में सबसे अधिक लाभार्थी दर्ज किए गए, जहां 57 लोगों को 63 इलाज मुहैया कराए गए और यहां इलाज पर 33.51 लाख रुपये खर्च हुए। इसके बाद फरीदकोट में 40 और पटियाला में 39 लाभार्थी दर्ज किए गए। सबसे कम लाभार्थी रूपनगर, एस.ए.एस. नगर और फतेहगढ़ साहिब में दर्ज किए गए, जहां एक-एक लाभार्थी था।

डा. बलबीर सिंह ने कहा कि इलाज से संबंधित आंकड़े आग से झुलसने वाले मरीजों, खास तौर पर बच्चों, नौजवानों और कामकाजी आयु वर्ग के लोगों को समय पर व्यापक इलाज मुहैया कराने के महत्व को दर्शाते हैं, क्योंकि लाभार्थियों में इन वर्गों की संख्या काफी है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना कुछ ही सेकंडों में किसी व्यक्ति की जिंदगी बदल सकती है, लेकिन स्वस्थ होने में अक्सर काफी ज्यादा समय लगता है। इसलिए आग से झुलसने से पीड़ित व्यक्ति के लिए कैशलेस इलाज का मतलब बहुत व्यावहारिक है; जब आग आखिरकार बुझ जाती है तो परिवार को एक और आग, यानी अस्पताल के बिल का सामना नहीं करना पड़ता।

## संपादकीय

### 'इन्वेस्ट पंजाब' का ग्लोबल आउटरीच-पारदर्शी नीतियों और त्वरित क्लीयरेंस से बदल रही राज्य की औद्योगिक तकदीर

किसी भी क्षेत्र की आर्थिकी को गति देने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और युवाओं का पलायन रोकने के लिए औद्योगिक विकास सबसे अनिवार्य शर्त है। दशकों तक पंजाब में उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं, लालफीताशाही और अनगिनत चक्करों का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण कई निवेशक राज्य से दूरी बनाने लगे थे। इस पुरानी और बोझिल व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त करते हुए पंजाब सरकार के 'इन्वेस्ट पंजाब' ब्यूरो ने एक नई और क्रांतिकारी कार्य संस्कृति को जन्म दिया है। वैश्विक स्तर पर पहुंच बढ़ाने, पारदर्शी नीतियों को लागू करने और त्वरित क्लीयरेंस सिस्टम के बलबूते आज पंजाब देश-विदेश के निवेशकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। वैश्विक निवेशकों के मानचित्र पर चमकता पंजाब स्थानीय स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ-साथ राज्य की क्षमता को दुनिया के सामने लाना 'इन्वेस्ट पंजाब' की सबसे बड़ी सफलता रही है। देश-विदेश की बड़ी कंपनियों, कॉरपोरेट घरानों और विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ लगातार संवाद स्थापित कर राज्य में निवेश की संभावनाओं को उजागर किया जा रहा है। जब अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि पंजाब में उनकी पूंजी पूरी तरह सुरक्षित है और उन्हें विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा मिलेगा, तो वैश्विक स्तर पर राज्य की साख मजबूत होती है। अमेरिका, यूरोप और खाड़ी देशों से आ रहे नए निवेश इस बात का पुख्ता प्रमाण हैं कि पंजाब का ग्लोबल आउटरीच अब रंग लाने लगा है। पारदर्शी नीतियां और 'एक ही छत के नीचे' सुविधाएं व्यापार और उद्योग के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा जटिल नियम और बार-बार विभागों के चक्कर काटना होता है। 'इन्वेस्ट पंजाब' ने इस बाधा को जड़ से खत्म कर दिया है। राज्य के 22 से अधिक विभागों के नोडल अधिकारियों को एक ही छत के नीचे बैठाकर निवेशकों को हर तरह की मंजूरियां, एनओसी और क्लीयरेंस बेहद कम समय में उपलब्ध कराई जा रही हैं। पोर्टल आधारित इस आधुनिक प्रणाली में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जाती है। निवेशक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर अपनी फाइल की लाइव ट्रैकिंग कर सकते हैं, जिससे भ्रष्टाचार और सिफारिश के सभी रास्ते स्वतः बंद हो जाते हैं। उद्योग आएंगे, तो रुकेगा 'ब्रेन ड्रेन' और बढ़ेगा रोजगार जब राज्य में पारदर्शी नीतियों के जरिए बड़े पैमाने पर विदेशी और घरेलू निवेश आता है, तो इसका सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ता है।नए कारखाने और एमएसएमई इकाइयां स्थापित होने से हजारों-लाखों स्थानीय युवाओं को उनके अपने ही गृह राज्य में सम्मानजनक और उच्च वेतन वाली तकनीकी नौकरियां मिल रही हैं। जो युवा कल तक रोजगार की तलाश में विदेशों की तरफ पलायन करने के लिए मजबूर थे, वे अब 'रंगले पंजाब' में रहकर ही अपनी आजीविका संवार रहे हैं। आधुनिक दौर में विकास केवल भाषणों से नहीं, बल्कि मजबूत नीतियों और जमीनी क्रियान्वयन से तय होता है। 'इन्वेस्ट पंजाब' का यह ग्लोबल आउटरीच और त्वरित क्लीयरेंस सिस्टम इस बात का प्रतीक है कि सरकार निवेशकों का साझेदार बनकर काम कर रही है। 'सरहद केसरी' पंजाब सरकार की इस उद्योग-हितैषी, पारदर्शी और समाधान-आधारित पहल की पुरजोर सराहना करता है। जब नीतियां स्पष्ट हों और इरादे बुलंद हों, तो पंजाब को देश का नंबर एक औद्योगिक हब बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## दैनिक राशिफल

**रमन झांब- फाजिल्का, 94654-18696**

**बुधवार, 12 अगस्त 2026**

**आज का सूर्यास्त:-07.12 कल का सूर्योदय:- 05.52**

मेष :- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) मेष राशि वाले जातकों नये विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। लोग द्वारा आपके कार्यों में बाधा पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। आज आपका मन वासना और भोग-विलास की ओर अधिक रहेगा।

वृष :- (इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) वृष राशि वाले जातकों मित्रों के साथ विवाद हो सकता है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। कागजी कार्यवाही करते समय सावधानी रखें। अपने दस्तावेजों को किसी अनजान व्यक्ति न दिखायें।

मिथुन : (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा) मिथुन राशि वाले जातकों अधिकारी आपके कार्य से काफी सन्तुष्ट रहेंगे। सकारात्मक परिणाम मिलते दिखाई देंगे। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के उत्तम अवसर मिलेंगे। आध्यात्मिक चिन्तन में दिन व्यतीत होगा।

कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) कर्क राशि वाले जातकों अपने काम के अन्दर फिर से गलतियो करेंगे। जिस संबंध में आप दूसरों को मदद करने के लिए उनका साथ दे रहे हैं, उस विषय के बारे में पूरी जानकारी हासिल करने के बाद ही आगे बढ़े।

सिंह :- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टू, टे) सिंह राशि वाले जातकों परिवार के लोगों के साथ आनंद का व्यवहार और खुद में नई ताजगी महसूस करेंगे। तरक्की के प्रबल योग बन रहे हैं। भाग्य आपका पूरा-पूरा साथ देगा। शिक्षा में कुछ अड़चनें आ सकती है।

कन्या :- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) कन्या राशि वाले जातकों किसी से कर्जा लेने से पहले सोच लें, धैर्य के साथ काम करने वालों को सफलता मिलेगी। मानसिक रूप से काफी व्यस्त रहने वाले हैं। यात्रा करने से आज आपको बचना चाहिये।

तुला :- (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तु, ते) तुला राशि वाले जातकों किसी अनजान व्यक्ति के साथ उठना-बैठना हानि दे सकता है। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता आयेगी। सन्तान की पढ़ाई को लेकर कोई लापरवाही न दिखायें। प्रतिष्ठित वर्ग में आपका सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक :- (तो, ना, नी, ने, नो, नू, या, यी, यू) वृश्चिक राशि वाले जातकों बिगड़ी हुई बातों को संवारने के लिए आपको बीच-बचाव करना पडेगा। आप पर किसी प्रकार का कर्ज बढ़ने की उम्मीद है। आप अपना व्यवहार अच्छा ही रखें। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे।

धनु :- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) धनु राशि वाले जातकों आपकी योग्यता लोगों के समक्ष आयेगी, काम को पूरा करने का बिल्कुल सही समय है। सम्बन्धों में तालमेल भी बेहतरीन रहेगा। किसी काम को लेकर उलझ सकते हैं।

मकर :- (भो, जा, जी, खी, खु, खे, खो, गा, गी) मकर राशि वाले जातकों पारिवारिक वातावरण आपके अनुकूल रहेगा, किसी अन्य व्यक्ति को अपने जीवन में हस्तक्षेप न करने दें। अपना खान-पान सन्तुलित रखें।

कुम्भ : (गु, गे, गो, सा, सी, सु, से, सो, दा) कुम्भ राशि वाले जातकों आप के अच्छे कार्यों की प्रशंसा होगी। लोग आपसे अपने मन की बातें शेयर करना चाहेंगे। जिस पर आप पूरा उतर कर उसकी समस्या को हल कर देंगे। लोग का साथ भी आपको भरपूर मिलेगा।

मीन : (दी, दु, थ, झ, दे, दो, चा, ची, ञ) मीन राशि वाले जातकों स्थायी सम्पत्ति में वृद्धि होगी। आपके जीवन में मनोरंजन का अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा। प्रियजनों के माध्यम से शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे।

# मर्यादा में महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी खूबसूरत लगते हैं



मर्यादा क्या है? मर्यादा वह सीमा या नियम है, जिस में समय और उमर के अनुसार कोई व्यक्ति अपना जीवन-यापन करता है। साधारण शब्दों में मर्यादा वह सीमा है, जिस में रह कर जीवन जीया जाए। संसार में रहते हुए हर एक चीज़ का मर्यादा में रहना अच्छा लगता है। मर्यादा केवल पुरुष, स्त्री में ही नहीं, संसार की हर राह में, सोच में, खाने-पीने में, दोस्ती में, सफ़र करते समय, किसी के दुःख-सुख में, शादी कार्यक्रम में, उधार लेते, देते समय, समाज में रहते हुए रखनी पड़ती है। सागर का, हवाओं का, मौसमों का भी एक निश्चित सीमा में रहना ही उचित है, नहीं तो कितनी भयानक हानियां हो सकती हैं, इसी तरह और भी बहुत से पहलू हो सकते हैं। जहां भी आप मर्यादा से बाहर होते हैं, वहां समझो कि आप की बात, कहानी समाप्त होने वाली है। हम जानते हैं कि किसी के घर अधिक आने-जाने से व्यक्ति अपनी मान-प्रतिष्ठा खो बैठता है। नई दोस्ती होते ही प्रेम-प्यार बढ़ता है, जैसे-जैसे नज़दीकियां बढ़ती है, एक-दूसरे के भेद, बुराईयां, अच्छाईयां पता चलतीं हैं, पैसों का लेन-देन हो सकता है, एक साथ बैठ कर दारू भी पीने लगते हैं, बस यहां से काम बिगड़ना आरम्भ होता है। शादी से पूर्व, मंगनी होते ही जो मंगेतर पति से फोन पर ज़रूरत से ज़्यादा खुल जाती है या एकान्त में मिलने लग जाती है या तो शादी वहां होती नहीं यदि हो जाती है, तो निभती नहीं।

एकांत में गलतियां होना सम्भव हैं और भावुकता अंत में निराशा का कारण बनती है। मर्यादा में कोई भी पुरुष समाज में पूजा जाता है, घर और बाहर उसे इज्ज़त मिलती है, जो पुरुष केवल स्त्रियों को हर समय डांटते रहते हैं, हुक्म चलाते रहते हैं, नौकरों की तरह व्यवहार करते हैं, वह भी घर का वातावरण बिगाड़ लेते हैं। स्त्रियां घर की इज्ज़त होती है, पुरुष की दिव्य पूंजी स्त्री ही होती है, पर सीमा से बाहर निकलना, पति के ऊपर से हो कर गुज़रना, बेबाक, मुंह-फट्ट होना, किसी भी समूह में आगे हो हो कर बातचीत करना, व्यवहार में सीमा से बाहर होना, घर की शान खतरे में डालने से कोई भी स्त्री शंका के घेरे में आ जाती है, ऐसा होते ही चरित्रहीनता का लेबल लग जाता है, ऐसा दाग़ पवित्र होने के बावजूद भी धोने से नहीं धोया जा सकता। यहां तक कि कहां हंसना है, कितना और कैसे हंसना है? रोना भी है तो कैसे और कितना? कहां रोना भी है या नहीं? कई बार हंसी भी दबानी पड़ती है,कई बार रोना भी नहीं होता, शादी वाले घर में रोना कहां कितना उचित होगा? कई बार हंसना या रोना भी जान लेवा हो सकता है, इस लिए समाज में रहते हुए मर्यादा में, मर्यादित हो कर रहिए। मर्यादा में भी मर्यादा का होना आवश्यक है।

जवानी की उम्र में कदम रखते ही कुछ युवक-युवतियां मां-बाप के कहने से बाहर हो जाते हैं, उन को सम्भालना बहुत कठिन हो जाता है। मां-बाप की कही बात ज़हर लगती है, बाहर वालों की बात का अनुकरण करना अच्छा लगता है। जब बच्चे मां बाप बनते हैं, तब इन की औलाद कहना नहीं मानती, ऐसे वक्त में मां बाप के दिए आशीर्वाद, देवी-देवताओं से लिए आशीर्वाद, कोई जंत्र-मंत्र काम नहीं आते, कोई रक्ख-धागा वह भी प्रभावहीन हो जाता है। हेलन केलर लिखतीं हैं कि एक पीढ़ी का पाखंड, अगली पीढ़ी की परम्परा बन जाता है, जो लड़की पापा के लाख मना करने पर भी, जीन्स पहनना नहीं छोड़ती। अगर किसी अब्दुल के प्यार में, पड़ जाएं तो तुरंत बुर्के में आ जाती है। अपने ही परिवारों में देखो, कितने ही ऐसे कप्पल हैं जो पति-पत्नी बन कर रह रहे हैं, उन की आपस में बनती ही नहीं, केवल सामाजिक दिखावा ही है, जो लोग आज भी सही अर्थों में पति-पत्नी बन कर रह रहें हैं, बहुत कम हैं, पर पूजनीय हैं। जिन मां बाप की कभी मन से मन की बात ही नहीं होती उन्हें क्या कहें?

मन से मन का मिलन बड़ी किस्मत से होता है,
वरना साथ तो लोग उम्र भर रहते हैं। फिर भी एक दूसरे को समझ नहीं पाते।

समाज में रहते हुए अच्छे भी उतने ही बनो, जिस से आप इन्सानों की श्रेणी में रहें, अवतार बनने की कोशिश न करें। याद रहे भगवान राम आज भी हज़ारों वर्षों बाद अपनी मर्यादा के लिए जाने जाते हैं, जिन्हें मर्यादा पुरुषोतम भगवान राम कहा जाता है। हम उन की सन्तान हो कर दुष्कृत्यों की ओर क्यों चल पड़े हैं? नारी के पास सब से मूल्यवान सम्पत्ति उस का सतीत्व है। इसी सतीत्व की रक्षा ही नारी की सच्ची रक्षा है और इसी सतीत्व का स्वामी पति ही परमेश्वर है। इसी सतीत्व द्वारा वह बाह्य व्यवहार की प्रवृतियां छोड़ कर घर की नारी, रानी या पटरानी बनी रहती है। स्त्रियों के लिए अपनी मर्यादा को छोड़ कर पर-पुरुषों से हर वक्त मिलना-जुलना बहुत हानिकारक है। नारी में लज्जा आवश्यक है, तभी वह नारी है, नारी का आभूषण हया, लज्जा, शर्म है। इसी शर्म के इर्द-गिर्द ही नारी की व्यापकता घूमती है। इसी सतीत्व को नारी ने सम्भाल कर रखना होता है। लज्जा का त्याग कर के पुरुष की भांति सब जगह घूमने वाली स्त्री जहां अपना सतीत्व खो बैठती है, वहां अपने व ससुराल परिवार की, पति की इज्ज़त भी नीलाम कर देती है, ऐसा करने में नारी का गौरव नहीं है।

यह एक वैज्ञानिक रहस्य है, सत्य है कि जिस नारी पर बहुत से पुरुषों की कामुक दृष्टि पड़ती है, उस के चरित्र की निश्चय ही हानि होती है। मनुष्य के कामुक भावों का प्रवाह या विद्युत प्रवाह उस के शरीर में निरन्तर बहता रहता है। यह प्रवाह शब्द, स्पर्श या दृष्टि द्वारा दूसरे के मन एवम् शरीर पर प्रभाव छोड़ता है, जो औरतें लज्जा छोड़ कर बेझिझक घूमने-फिरनें में विश्वास रखती हैं, पुरुषों की संगति अधिक करती हैं, ऐसे में उन का पतिव्रता बने रहना बहुत कठिन है। कामुक धाराएं अपने जाल में फंसा ही लेतीं हैं, दूषित दृष्टि का शिकार होना ही पड़ता है।आज पुरुष तो बेलगाम हो कर बदकारियां, बद्तमीजियां करते ही हैं, औरतें भी ऐसी महफिलों की शराब पी कर, नशा कर के, वासना में डूब कर शोभा बढानें लगी हैं, यह हमारे देश के लिए, हमारी, सभ्यता, संस्कृति के लिए चिंता का विषय है।

मर्यादा से बाहर जब कोई भी व्यक्ति होता है, तो वह बहुत कुछ भूल जाता है। कामी पुरुष को हर औरत चरित्रहीन दिखती है, काम जब सिर पर चढ़ता है, तो बड़ों-बड़ों की सृष्टि घुमा देता है, क्रोध में पागल व्यक्ति को अपनी उच्चता दिखती है, साधारण पानी उबलता हुआ दिखाई देता है। मोह में पागल व्यक्ति को अपने ही अच्छे लगते हैं, अंधा बांटें रेबड़ियां, मुड़-मुड़ अपनों को दे। लोभी व्यक्ति को सावन के अंधे की तरह हर चीज़ हरी ही दिखाई देती है, लोभी हर चीज़ पैसों से तोलता है, कुछ भी मुफ़्त करने को तैयार नहीं। अंहकारी पुरुष को सब छोटे, बुद्धिहीन, कंगाल नज़र आते हैं। अंहकारी का सिर पीठ पीछे उल्टा लगा होता है, उसे हर चीज़ उल्टी ही दिखाई देती है। अमर्यादित व्यक्ति हर काम को नकारात्मक ढंग से सोचता-देखता है। अंत में यही कहेंगे- कि शर्म मानने वाले, मर्यादित पुरुष-स्त्री के साधारण बोल या वाक्य भी कसम की तरह होते हैं, बेशर्म व्यक्ति के बोल व कसम भी झूठी होती है। ऐसे लोग जो बे-शर्मी की हदें पार कर जाते हैं, उन्हें न तो अपना पता होता है न अपनी मर्यादा का। ऐसे लोग अपने स्वार्थ के आगे कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। इन की गति न इस जहां में न परमात्मा के घर में होती है। ऐसे लोगों का जीवन असहज हो जाता है। इस लिए अपने जीवन में प्रत्येक कार्य में, पहलू में मर्यादा बना कर रखें। मर्यादा में रहना एक सफल व्यक्ति की निशानी है, महानता की निशानी है, ऐसे में जहां पुरुष मर्यादा में सुंदर लगेंगे वहां स्त्रियां भी। फिल्म- शंकर, सीता, अनसूईया के धार्मिक गीत के बोल हैं-

**तू प्रीतम से कर ले प्यार, प्यार तेरा हो जाएगा बेड़ा पार।**
**इसी प्यार से तुझे मिलेंगे, जग के खेवनहार।**
**1. देख पति की आंखों से तू बोल पति के बोलीं,**
**अंत समय पति के कंधों पर निकले तेरी डोली,**
**पतिव्रता के लिए खुले हैं, सदा स्वर्ग के द्वार, तेरा....**
**2. शाही महल हो, शाही कुटी हो या जंगल का डेरा,**
**जहां हैं तेरे पति परमेश्वर, वहीं है तीर्थ तेरा।**
**पति चरणों की धूल से बहला, अपनी मांग संवार। तेरा....**

**डॉ. विजय प्रवीण, फाजिल्का**
**98155-76800**

# इलाज की पद्धति अलग हो सकती है, लक्ष्य एक ही है- बेहतर स्वास्थ्य



आज भी लोगों के मन में यह प्रश्न रहता है कि आधुनिक चिकित्सा और होम्योपैथी में से कौन सी पद्धति सही है? क्या दोनों को साथ लिया जा सकता है? मेरे विचार से इन प्रश्नों को विवाद की तरह नहीं, बल्कि मरीज के स्वास्थ्य और आवश्यकता के दृष्टिकोण से समझना चाहिए। आधुनिक चिकित्सा और होम्योपैथी की अपनी अपनी अवधारणाएं, कार्यप्रणाली और उपचार के तरीके हैं। लेकिन अंततः हर चिकित्सा पद्धति का उद्देश्य एक ही होना चाहिए, मरीज की तकलीफ कम करना, उसके स्वास्थ्य की रक्षा करना और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाना। आधुनिक चिकित्सा में जांच, रक्त परीक्षण, इमेजिंग, दवाइयां, शल्य चिकित्सा, टीकाकरण और आपातकालीन उपचार जैसी वैज्ञानिक एवं प्रमाणित व्यवस्थाएं शामिल हैं। गंभीर संक्रमण, दुर्घटना, हृदयाघात, सर्जरी और अन्य आपातकालीन स्थितियों में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसी परिस्थितियों में आवश्यक आधुनिक उपचार को टालना उचित नहीं है।

दूसरी ओर, होम्योपैथी की अपनी अलग चिकित्सकीय अवधारणा और औषधि चयन की प्रक्रिया है। इसमें मरीज के लक्षणों, उसकी व्यक्तिगत अनुभूतियों और संपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति को समझने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी व्यक्तिगत दृष्टिकोण के कारण कुछ लोग इसे अपनी स्वास्थ्य देखभाल में पूरक रूप से अपनाते हैं। मेरे विचार से आधुनिक चिकित्सा और होम्योपैथी को एक दूसरे के विरोध में खड़ा करने की आवश्यकता नहीं है। मरीज को किसी पद्धति की जीत नहीं चाहिए, उसे सही सलाह, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य चाहिए। यदि कोई व्यक्ति होम्योपैथी को पूरक रूप में लेना चाहता है, तो उसे अपने चिकित्सक को इसकी जानकारी देनी चाहिए। अपनी जरूरी दवाइयां बिना चिकित्सकीय सलाह के बंद करना भी उचित नहीं है।

किसी भी चिकित्सा के साथ स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम, मानसिक शांति और प्रकृति के साथ संतुलन का महत्व बना रहता है। मेरा मानना है कि चिकित्सा का भविष्य विरोध में नहीं, सहयोग में है। एक अच्छा चिकित्सक वह नहीं जो हर परिस्थिति में अपनी पद्धति को श्रेष्ठ साबित करे, बल्कि वह है जो मरीज के हित को सबसे ऊपर रखे, अपनी सीमाओं को समझे और आवश्यकता पड़ने पर दूसरे विशेषज्ञ की सहायता लेने में संकोच न करे। इस लिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि आधुनिक चिकित्सा सही है या होम्योपैथी? बल्कि यह होना चाहिए, इस मरीज के लिए इस समय क्या बेहतर, सुरक्षित और उचित है? इलाज की पद्धति अलग हो सकती है, सोच अलग हो सकती है और उपचार का तरीका अलग हो सकता है, लेकिन लक्ष्य एक ही होना चाहिए। मरीज का स्वास्थ्य, मरीज की सुरक्षा और एक बेहतर जीवन।

**डॉ. रत्नेष नागपाल**
**राम मंदिर, फाजिल्का**

## शंकर जी का अलौकिक स्वरूप



जिसने भी शंकर जी की मूर्ति बनाई या तस्वीर बनाई, उसने शायद उनका साक्षात्कार तो नहीं किया होगा परन्तु यह अलौकिक स्वरूप जीवन जीने की कला? सिखा गया। शिव जी और शंकर जी में अंतर है। शिव जी निराकार हैं, जो बाद में ज्योर्तिलिंग के रूप में प्रगट हुए। शिव पुराण में कथा आती है कि एक बार ब्रह्मा और विष्णु जी में विवाद हो गया, कि कौन बड़ा? ब्रह्मा जी बोले, मैं उत्पत्ति करता? हूं, विष्णु जी ने कहा मैं पालन-पोषण करता हूं। जब कोई समाधान न निकला, तो दोनों ने निराकार शिव जी से प्रार्थना की, प्रभु हमारी समस्या का निराकरण कीजिए। तब आकाशवाणी हुई कि आप दोनों में से कोई बड़ा छोटा नहीं क्योंकि उत्पत्ति होगी ?तो पालन-पोषण होगा और पालन-पोषण न हो, तो उत्पत्ति का क्या लाभ? दोनों ने फिर प्रार्थना की प्रभु फिर से हमारे बीच विवाद न हो, इस लिए आप पास रहिए। फिर से आकाशवाणी हुई कि मैं निराकार हूं, आकार नहीं ले सकता। परन्तु बार-बार प्रार्थना करने पर उनके बीच एक ज्योर्तिस्तंभ प्रगट हो गया, जिसका दोनों को और छोर ही मालुम ना हुआ और न इस संकेत का अर्थ। फिर से एक बार प्रार्थना की, भगवन् यह? हमारी समझ से बाहर है। शिव जी ने उसे दबा कर छोटा किया और यह ज्योतिर्लिंग कहलाया। भारत में बारह ज्योतिर्लिंग हैं।

इस प्रकार हमें भी आज उस निराकार के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त है। शंकर जी साकार रूप हैं। सिर पर जटा बताती है कि गृहस्थ में रहते हुए भी चरित्र संतों जैसा रखें। जटा में गंगा मस्तिष्क में निर्मल विचार रखने का संदेश है। हमारे कुविचार, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, ईर्ष्या डंक वाले सांपों की भांति हैं, इनका गुलाम नहीं बनना, इन्हें गले में लपेट कर रखना है, अर्थात् इनको अपना गुलाम बनाना है ताकि यह हम पर हावी ना हो सकें। नीलकंठ समझा रहा है कि तुम्हारे अंदर जो कटुता और जलन के विषय हैं, उन्हें गले तक? ही? रखो, क्योंकि निगलोगे तो तुम्हें जलायेंगे, उगलोगे तो सामने वाले को। तन की भभूतसमझाती है कि एक दिन तुमने राख बन जाना है और जो यह याद रखता है वह बुरे कर्म नहीं करेगा। पर कमजोर भी नहीं बनना है। बाघाम्बर शक्तिशाली बनने का संकेत है पर कब, जब किसी निरीह प्राणी पर अन्याय हो रहा हो। शंकर जी भोले भी हैं और भाले भी। भाले की तीन नोकें त्रिदेव दर्शाती है परन्तु यही नोकें दुष्टों का विनाश भी करती हैं। भगवान शंकर जी के रूप अनुसार जीवन व्यतीत करेंगे तो सुख, प्रसन्नता का डमरू बजायेंगे और ललाट चंद्रमा की भांति चमकेगा। ओम नमः शिवाय।

**डॉ. आशा गुम्बर, फाजिल्का**

## किसानों की समस्याओं के लिए लड़ते रहेंगेः चढूनी



**लुधियाना (रिंकू) :** गुरुद्वारा मंजी साहिब में भारतीय किसान यूनियन चढूनी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों, खेत मजदूरों, युवाओं और छात्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई। चढूनी ने कहा कि पंजाब और केंद्र सरकार सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति में लगी हैं, जबकि लोग नशा, बेरोजगारी, गैंगस्टरवाद और लूटपाट से परेशान हैं। सरकार का युद्ध नशे विरुद्ध अभियान सिर्फ दिखावा है, युवा अब भी नशे की भेंट चढ़ रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह हैप्पी, अजीत सिंह जीता पवार, सुखदेव सिंह मिंटू सहित पंजाब भर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में किंडरगार्टन विद्यार्थियों का इन्वेस्टिचर समारोह आयोजित

**फिरोजपुर (नारायण धमीजा):** विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल में किंडरगार्टन के विद्यार्थियों के लिए इन्वेस्टिचर समारोह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक डॉ. एस. एन. रुद्रा ने बताया कि इस समारोह




का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छोटी उम्र से ही जिम्मेदारी, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क की भावना को विकसित करना था। उन्होंने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र में जिम्मेदारियां देने से उनमें नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं और वे भविष्य के लिए बेहतर ढंग से तैयार होते हैं।

इस अवसर पर स्कूल की सेक्रेटरी डॉली भास्कर, वी.पी. एडमिन महिमा कपूर और वी.पी. एकेडमिक्स शिप्रा अरोड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। समारोह की शुरुआत सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इसके उपरांत किंडरगार्टन के नन्हे विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विद्यार्थियों को हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, एक्टिविटी हेड, डिसिप्लिन हेड, ईको वॉरियर्स और स्पोर्ट्स कैप्टन के पदों के लिए बैज प्रदान किए गए।

बैज प्राप्त करते समय बच्चों में भारी उत्साह और गर्व देखने को मिला। इस समारोह ने बच्चों में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता और गर्व की भावना पैदा की। नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी नई जिम्मेदारियों को स्वीकार किया। उन्हें अपने साथियों के लिए अच्छी मिसाल बनने, अनुशासन का पालन करने, पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने तथा खेलों और स्कूल की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. रुद्रा ने कहा कि नेतृत्व केवल आगे रहने या सबसे बेहतर बनने का नाम नहीं है, बल्कि अपने साथ जुड़े अन्य लोगों की क्षमता को भी निखारने की योग्यता है। उन्होंने कहा कि स्कूल में आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ जीवन की वास्तविक जिम्मेदारियों को समझने का अवसर देते हैं।



## वॉलीबाल में डीसीएम का दबदबा, पांच वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**फिरोजपुर (नारायण धमीजा):** पंजाब स्कूल गेम्स के तहत फिरोजपुर जोन-1 वॉलीबाल चैंपियनशिप का डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल



में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीसीएम की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अलावा एचएम डीएवी पब्लिक स्कूल कैंटोनमेंट बोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल अकाल अकादमी नवां किला और पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रिंसिपल याचना चावला ने बताया कि लड़कों की टीम में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग तथा लड़कियों की टीम अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में डीसीएम की टीमों ने बाजी मारते हुए स्वर्ण पदक जीते है। उन्होंने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 27वां साप्ताहिक सावन मेला 13 अगस्त से शुरू होकर 20 अगस्त तक

- रोजाना रात्रि साढ़े सात बजे से नौ बजे तक होगा संकीर्तन, हर दिन वितरित होगा खुला भंडारा

**फाजिल्का (संदीप चलाना):** आदरणीय देवी जी की पावन इच्छा के अनुसार इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में 27वां साप्ताहिक सावन मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति



द्वारा जारी सूचना के अनुसार मेला 13 अगस्त से शुरू होकर 20 अगस्त तक चलेगा। मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रोजाना रात्रि साढ़े सात बजे से नौ बजे तक संकीर्तन होगा। इसके उपरांत पावन आरती की जाएगी और महामाई का खुला भंडारा श्रद्धालुओं के लिए लगाया जाएगा। समिति ने बताया कि रविवार 16 अगस्त को सांय पांच बजे सावन की पावन ध्वजा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मेला 20 अगस्त को दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। इस दिन रात्रि नौ बजे से मां की इच्छा तक भव्य भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर धार्मिक आयोजनों में भाग लेने तथा माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# हर घर तिरंगा : आज़ादी के सम्मान और उज्ज्वल भविष्य का चिन्ह है तिरंगा : गुप्ता

**नई दिल्ली/बरनाला (अखिलेश बंसल):** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा देने वाले नेतृत्व और विज़न के तहत, भारत



नई संभावनाओं को अपना रहा है, अपनी नींव को मज़बूत कर रहा है और अपने लोगों की उम्मीदों की ओर बढ़ रहा है। यह बात राज्यसभा सांसद पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने सोशल मीडिया पर कही है।

गुप्ता ने कहा है कि हमारे भारत देश का तिरंगा उन देशभक्तों के बलिदान को दिखाता है, जिन्होंने हमें आज़ादी दिलाई, और हमारा तिरंगा हर उस भारतीय की उम्मीदों को दिखाता है, जो मज़बूत कल का सपना देखता है। उन्होंने कहा है कि हमें गर्व से जश्न मनाना चाहिए। तिरंगा हमें जोड़ता है और एक विकसित भारत बनाने के अपने इरादे को मज़बूत करने का राह दिखाता है।

# फाजिल्का के गौभक्त परिवार द्वारा गौ चिकित्सालय के निर्माण हेतु 21,000 रुपये का सहयोग प्रदान

**फाजिल्का (संदीप चलाना):** गौ सेवा एवं मानवता के क्षेत्र में वर्ष 2006 से निरंतर सेवा कार्य कर रही श्री नारायण वेलफेयर सोसायटी (रजि.), फाजिल्का द्वारा संचालित गांव रामनगर उर्फ जट्टवाली में संचालित गौ चिकित्सालय श्री नारायण गौ सेवा धाम मंदिर के द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन आधुनिक गौ चिकित्सालय के लिए समाज के गौभक्तों एवं दानवीरों का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है।



इसी कड़ी में फाजिलका के एक गौभक्त परिवार ने गौ चिकित्सालय के निर्माण हेतु 21,000 रुपये का श्रद्धापूर्वक सहयोग प्रदान किया। परिवार ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, करुणा और मानवता की महान परंपरा है। ऐसे पुण्य कार्यों में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देना चाहिए। सोसायटी पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क विस्तार के कारण प्रभावित हुई भूमि के स्थान पर अतिरिक्त चार कनाल भूमि खरीदकर गौ चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है। इस चिकित्सालय में बीमार, दुर्घटनाग्रस्त, घायल एवं असहाय गौवंश को उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा।

सोसायटी ने सहयोग प्रदान करने वाले गौभक्त परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही यह सेवा प्रकल्प शीघ्र पूर्ण हो सकेगा। सोसायटी ने सभी गौभक्तों, समाजसेवियों एवं दानवीर परिवारों से अपील की कि वे निर्माण सामग्री अथवा आर्थिक सहयोग देकर इस पुनीत सेवा कार्य में सहभागी बनें। गौसेवा के इस महायज्ञ में दिया गया प्रत्येक सहयोग गौमाता के उपचार और सेवा के लिए समर्पित है। सोसायटी को दिए गए सहयोग पर आयकर अधिनियम की धारा 80जी के अंतर्गत नियमानुसार कर छूट का लाभ भी प्राप्त है।

# चाणक्य स्कूल की छात्रा जैस्मीन कौर ने जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान

- विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या वंदना मक्कड़ एवं विद्यार्थियों ने जैस्मीन कौर का किया स्वागत

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** रेडिएंट पब्लिक स्कूल, माहूआना में आज आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 स्केटिंग प्रतियोगिता में चाणक्य स्कूल, फाजिल्का की कक्षा छठी की छात्रा जैस्मीन कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर



विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। जैस्मीन कौर की इस उपलब्धि पर चाणक्य स्कूल फाजिल्का में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या वंदना मक्कड़ एवं विद्यार्थियों द्वारा जैस्मीन कौर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या वंदना मक्कड़ ने जैस्मीन को उसकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जैस्मीन की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने जैस्मीन कौर का उत्साहवर्धन करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने भी जैस्मीन की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उसे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# 11वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप 2026 में ट्राइडेंट की रिंकी यादव की स्वर्णिम उपलब्धि

**नई दिल्ली (अखिलेश बंसल):** नेपाल के पोखरा में 29 से 31 जुलाई तक आयोजित हुई 11वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप-2026 में भारतीय कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। टीम की कप्तानी कर रही रिंकी यादव ट्राइडेंट ग्रुप में कार्यरत है, जिसने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गौरतलब हो कि इस जीत के साथ रिंकी यादव ने इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पहले जनवरी 2026 में आयोजित 10वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में भी रिंकी भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं और टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। लगातार दो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना रिंकी की खेल के प्रति निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दर्शाता है। खास बात यह है कि





रिंकी खेल के साथ-साथ अपनी पेशेवर जिम्मेदारियां भी निभा रही हैं। कार्यस्थल की जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के बीच तालमेल बनाकर उन्होंने अपने प्रदर्शन को लगातार बेहतर किया है।

**उपलब्धि पर रिंकी यादव ने कहा:** रिंकी यादव का कहना है कि 11वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप 2026 में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा होना उसके लिए बहुत गर्व की बात है और लगातार दूसरी बार इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना मेरे लिए विशेष है। रिंकी ने ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस पद्मश्री राजिंदर गुप्ता और ट्राइडेंट ग्रुप का आभार व्यक्त करते कहा कि इन्होंने मेरी खेल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया। रिंकी ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी क्षमता





के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर देने वाली सोच ने उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है।

**ग्रुप की सोच 'अर्न, लर्न एंड ग्रो': गुप्ता** ट्राइडेंट ग्रुप के एडमिन हेड रुपिंदर गुप्ता कहते हैं कि रिंकी की उपलब्धि ट्राइडेंट ग्रुप में कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने की संस्कृति को दर्शाती है। ग्रुप की 'अर्न, लर्न एंड ग्रो' की सोच के तहत कर्मचारियों को अपनी क्षमताओं को निखारने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बठिंडा (नीरज कुमार):** डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर सुरक्षा आज हर व्यक्ति के लिए जरूरी हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू पंजाब), बठिंडा में विद्यार्थियों और शिक्षकों को साइबर खतरों,





सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरते अवसरों के प्रति जागरूक करने हेतु 'साइबर सुरक्षा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर सेंटर द्वारा इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल तथा एआईसीटीई आईडिया लैब के सहयोग से विश्वविद्यालय सभागार में किया गया।

कार्यवाहक कुलपति प्रो. रामकृष्ण वुसिरिका के संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. राज सिंह नेहरा, निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ साइबर सिक्योरिटी स्टडीज (आइसीएसएस), नई दिल्ली और नाबा कुमार पॉल, सहायक निदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी), ने विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव और व्यावहारिक जानकारी साझा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कुलपति प्रो. रामकृष्ण वुसिरिका ने कहा कि डिजिटल दुनिया के तेजी से विस्तार के साथ साइबर खतरों का स्वरूप भी लगातार बदल रहा है। ऐसे में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुसंधान और नवाचार का भी महत्वपूर्ण विषय बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से साइबर हमलों की रोकथाम और नई तकनीकों से जुड़ी चुनौतियों पर काम करने तथा नए समाधान विकसित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं आइसीएसएस के निदेशक डॉ. राज सिंह नेहरा ने साइबर सुरक्षा के तेजी से बदलते परिदृश्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार सीखते रहने, अपने कौशल को समय के साथ अपडेट करने और साइबर सुरक्षा को विभिन्न विषयों को जोड़कर समझने की सलाह दी। वहीं, विशेष अतिथि एवं एनसीआरबी के सहायक निदेशक नाबा कुमार पॉल ने साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी साझा की।

उन्होंने उभरते साइबर खतरों, साइबर हमलों के सामान्य तरीकों और व्यक्तिगत जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने फिशिंग, मैलवेयर और एसक्यूएल इंजेक्शन साइबर हमले जैसे साइबर हमलों के उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया कि साइबर सुरक्षा में व्यक्तिगत सतर्कता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने, मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करने, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखने और अनजान ई-मेल, लिंक या फाइल खोलने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति या संस्थान की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की साझा जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. अमनदीप कौर, कार्यक्रम समन्वयक एवं डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने विशेषज्ञ वक्ताओं का परिचय करवाते हुए कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विभाग की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रो. सतविंदर सिंह के नेतृत्व में कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग तथा डॉ. परविंदर सिंह के नेतृत्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विभाग विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ अनुसंधान, नवाचार और उद्योग के साथ सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कुशल पेशेवर और सफल उद्यमी बनने के लिए तैयार करना है।

कार्यशाला में बी.टेक., एम.टेक. और पीएच.डी. के विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के साथ संवाद किया और साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने साइबर हमलों, साइबर अनुसंधान तथा तेजी से विकसित हो रही नई तकनीकों से जुड़ी चुनौतियों और उनसे निपटने के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. अंजना मुंशी, आईक्यूएसी निदेशक एवं आईआईसी अध्यक्षा प्रो. मोनिशा धीमान, निदेशक, वित्त अधिकारी डॉ. राज कुमार शर्मा, प्रो. समीर दुरानी (प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस) सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समन्वय डॉ. मीनाक्षी और डॉ. अनंदिका शर्मा ने किया। अंत में उन्होंने कार्यशाला को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# शास्त्री चौक में सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार का इकलौता बेटा था सैम

- गांव आसफवाला से बाइक से शास्त्री चौक में फूड स्ट्रीट पर बर्गर खाने गया था सैम
- बाइक सवार युवकों ने मारी जोरदार टक्कर, डिवाइडर से टकराने के कारण से सिर पर लगी गंभीर चोट
- श्रीगंगानगर में उपचार के दौरान तोड़ा दम, पुलिस जांच में जुटी



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** स्थानीय शास्त्री चौक में 9 अगस्त की देर शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक सैम की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि सैम अपने परिवार का इकलौता बेटा था।

जानकारी के अनुसार, गांव आसफवाला के पंचायत सदस्य पप्पू सिंह ने बताया कि 9 अगस्त की शाम सैम बाइक पर सवार होकर शास्त्री चौक स्थित फूड स्ट्रीट में बर्गर खाने के लिये गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे कुछ बाइक सवार युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सैम बाइक समेत सड़क पर गिर गया और डिवाइडर से जा टकराया। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे फाजिल्का के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए श्रीगंगानगर ले गए, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

पंचायत सदस्य पप्पू सिंह ने बताया कि सैम परिवार का इकलौता बेटा था। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि परिवार के बयानों और जांच के आधार पर हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस अधिकारी भगवान चंद ने बताया कि घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर रही है और मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक्मे पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग में अनेकों पदक किए अपने नाम



**जलालाबाद (बिट्टू दूमडा/शिवम):** इंपीरियल स्कूल खूइयां सरवर में आयोजित वर्ष 2026-27 की जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एक्मे पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता। अंडर-17 बालक वर्ग ने 2 स्वर्ण, 2 कांस्य और 2 रजत पदक हासिल किए, जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग ने 1 कांस्य और 1 रजत पदक अपने नाम किया। इसी प्रकार अंडर-14 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 3 कांस्य और 2 रजत पदक जीते। अंडर-14 बालिका वर्ग ने 1 कांस्य और 3 रजत पदक हासिल कर विद्यालय तथा कोच संता सिंह का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अरुणा मिड्ढा ने विजेता खिलाड़ियों और कोच संता सिंह को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि किक बॉक्सिंग जैसी खेलों से आत्मरक्षा, सहनशीलता, आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# सर्व हितकारी विद्या मंदिर की बैडमिंटन टीमों ने प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में जीते चार स्वर्ण पदक

- अंडर-14 लड़कों व लड़कियों, अंडर-17 और अंडर-19 लड़कियों की टीमों ने पाया पहला स्थान
- प्रबंधक समिति और प्रिंसिपल मधु शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों व कोचों को दी बधाई





**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा प्रांत स्तरीय 37 वां खेलकूद प्रतियोगिता एवं समारोह बरनाला में 6 अगस्त से 8 अगस्त तक आयोजित हुआ जिसमें विभाग स्तर पर जीत चुके सभी स्कूलों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सर्व हितकारी विद्या मंदिर के बैडमिंटन में चार टीमों ने भाग लिया और चारों ही टीमों ने स्वर्ण पदक जीत कर सबकी वाह वाही लूटी।

इस दौरान अंडर 14 लड़कों की टीम में तैविश सामा ,गुरवीर, समर्थ बिहानी अभिजोत व हितेश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गोल्ड मेडल जीते। अंडर 14 लड़कियों की टीम में आस्था , एबीश और अन्नया ने अपना पूरा दम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीते।

अंडर 17 लड़कियों की टीम में गीता देवी , जीविका कंबोज , काशवी, एकमजोत कौर और प्रीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान जीत कर स्वर्ण पदक पाए तथा अंडर-19 की लड़कियों की टीम में हुस्न प्रीत ,कुलबीर कौर, परिधि व रेखा ने जोहर दिखाते हुए अपनी प्रतिद्वंदी टीम को हरा कर स्वर्ण पदक जीते।

प्रबंधक समिति एवं प्रिंसिपल श्रीमती मधु शर्मा ने स्टेट लेवल पर अपनी खेल कला के जौहर दिखाकर गोल्ड मेडल जीतकर लाने वाले सभी विजेता खिलाड़ियों एवं उनकी कोच श्रीमती बख्शीश कौर एवं साहिल को हार्दिक बधाई दी एवं बच्चों को दिल्ली में होने वाले अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए अग्रिम जीत की शुभकामनाएं दी हैं।

# एसआईआर-2026 के दूसरे चरण को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग

## जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संदीप अनेजा ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की दी विस्तृत जानकारी

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के दूसरे चरण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के एईआरओ-1, एईआरओ-2, अतिरिक्त एईआरओ तथा दस्तावेज सत्यापन प्रकोष्ठ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संदीप अनेजा ने प्रदान किया।



प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एसआईआर-2026 की पूरी प्रक्रिया को सही ढंग से लागू करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को दस्तावेजों के सत्यापन, अभिलेखों के रखरखाव तथा निर्धारित प्रक्रिया का पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि एसआईआर-2026 से संबंधित सभी गतिविधियों की सीधे निगरानी की जा रही है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस अवसर पर चुनाव तहसीलदार विभू जैन, चुनाव कानूनगो नवजोत सिंह, चुनाव कानूनगो रवि कांत तथा जिला चुनाव कार्यालय फाजिल्का का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# माता चिंतपूर्णी लंगर एवं जागरण सोसाइटी द्वारा 24वां विशाल लंगर रवाना

● होशियारपुर के गांव चोहाल में जेसीटी मिल के नजदीक स्थित शिव मंदिर में लगाया जायेगा विशाल भंडारा ● सरहद केसरी के मुख्य संपादक राकेश नागपाल, सुरिंदर सचदेवा और सोसाइटी सदस्यों ने लंगर वाहनों को किया रवाना







**फाजिल्का (साजन गुगलानी):** धार्मिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाली माता चिंतपूर्णी लंगर एवं जागरण सोसाइटी द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए एक और सराहनीय कदम उठाया गया है। सोसाइटी द्वारा होशियारपुर के गांव चोहाल में जेसीटी मिल के नजदीक स्थित शिव मंदिर के लिये अपना 24वां विशाल लंगर रवाना किया गया। इस लंगर वाहन को पूरे विधि-विधान और जयकारों के बीच झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लंगर को रवाना करने की रस्म सरहद केसरी के मुख्य संपादक श्री राकेश नागपाल, सुरिंदर सचदेवा और सोसाइटी के अन्य गणमान्य सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से अदा की गई। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों और सेवादारों में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

इस धार्मिक आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अमित सेठी ने बताया कि सोसाइटी पिछले कई वर्षों से लगातार भक्तों और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लंगर की व्यवस्था कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए यह 24वां अवसर है जब सोसाइटी द्वारा होशियारपुर के चोहाल स्थित शिव मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए राशन और अन्य आवश्यक सामग्री से भरा यह लंगर वाहन भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इस लंगर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन तैयार कर परोसा जाएगा ताकि दूर-दराज से आने वाले किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर सोसाइटी के सभी सेवादार, पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। मुख्य अतिथियों और उपस्थित गणमान्य लोगों ने सोसाइटी के इस निस्वार्थ सेवा भाव की जमकर सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा और धार्मिक कार्यों को निरंतर जारी रखने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# सीबीएसई रिसोर्स पर्सन प्रेम नारायण विद्यार्थी ने शिक्षकों को दिया 'जीवन कौशल उन्नयन' का प्रशिक्षण

● मंडी गोबिंदगढ़ के ओम प्रकाश बंसल मॉडर्न स्कूल में आयोजित हुई विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यशाला ● स्कूल प्रबंधक कमेटी व प्रिंसिपल मधु शर्मा ने प्रेम नारायण विद्यार्थी को उपलब्धि पर दी बधाई

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** स्थानीय लाला सरन दास बूटाराम अग्रवाल सर्वहितकारी विद्या मंदिर, फाजिल्का के अध्यापक एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के रिसोर्स पर्सन प्रेम नारायण विद्यार्थी द्वारा मंडी गोबिंदगढ़ स्थित प्रतिष्ठित ओम प्रकाश बंसल मॉडर्न स्कूल में 'जीवन कौशल उन्नयन' विषय पर एक विशेष एवं प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला के दौरान प्रेम नारायण विद्यार्थी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷सच्ची शिक्षा केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ सामना करने में सक्षम बनाती है।÷ उन्होंने कहा कि जीवन कौशल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा शिक्षकों का सशक्तिकरण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु शर्मा ने प्रेम नारायण विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि श्री विद्यार्थी जी पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से सी.बी.एस.ई. के प्रतिष्ठित रिसोर्स पर्सन के रूप में विभिन्न विद्यालयों में सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मंडी गोबिंदगढ़ में आयोजित कार्यशाला को गतिविधि-आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति के आधार पर तैयार किया गया था। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने केवल सैद्धांतिक अवधारणाओं को समझने के स्थान पर विभिन्न रोचक गतिविधियों, समूह कार्य, चर्चाओं, वास्तविक जीवन की परिस्थितियों, आत्मचिंतन तथा परस्पर सहभागिता के माध्यम से जीवन कौशल को समझा और अनुभव किया। कार्यशाला ने शिक्षकों को सीखने, संवाद करने, आत्मचिंतन करने तथा व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास के लिए एक सकारात्मक एवं जीवंत वातावरण प्रदान किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती मधु शर्मा ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों में जीवन कौशल का होना अत्यंत आवश्यक है। एक सशक्त, संवेदनशील एवं जागरूक शिक्षक ही विद्यार्थियों को जीवन की विभिन्न चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए तैयार कर सकता है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती मधु शर्मा ने समस्त विद्यालय परिवार एवं प्रबंधक समिति की ओर से प्रेम नारायण विद्यार्थी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि श्री विद्यार्थी जी इसी प्रकार अपने ज्ञान एवं अनुभव के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहें तथा अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते रहें।

# जी.ए.वी. जैन आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा घंटाघर चौक पर नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति

विद्यार्थियों ने मुख्य बाजारों में विशाल जागरूकता रैली निकालते हुए नशों के प्रति किया जागरूक




**फाजिल्का (साजन गुगलानी):** जी.ए.वी. जैन आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाते हुए घंटाघर चौक पर नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई और उसके बाद मुख्य बाजारों में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। यह पूरा आयोजन विद्यालय के प्रिंसिपल नरेश सपड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जबकि वाइस प्रिंसिपल शीनम धूड़िया ने कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व और संचालन किया।

इस नशा विरोधी अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब पुलिस फाजिल्का सब-डिवीजन के डी.एस.पी बी.एस रंधावा उपस्थित रहे। घंटाघर चौक पर नुक्कड़ नाटक की जीवंत प्रस्तुति अभियान के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने घंटाघर चौक पर एक अत्यंत संवेदनशील और संदेशप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने यह दर्शाया कि किस तरह नशा किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को पूरी तरह तबाह कर देता है। चौक पर मौजूद सैकड़ों नागरिकों और राहगीरों ने बच्चों की इस प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक देखा और उनके अभिनय के साथ-साथ इस सामाजिक पहल की जमकर सराहना की।

इस रैली में विद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में नशा विरोधी स्लोगन लिखी पट्टिकाएं, पोस्टर और बैनर लिए बच्चे ओजस्वी नारे लगाते हुए दुकानदारों और आम जनता को नशे के खिलाफ एकजुट होने का कड़ा संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डी.एस.पी श्री रंधावा ने कहा कि पंजाब पुलिस नशे के खात्मे के लिए पूरी दृढ़ता से कार्य कर रही है, लेकिन इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए विद्यार्थियों और शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। प्रिंसिपल नरेश सपड़ा और वाइस प्रिंसिपल शीनम धूड़िया ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी समाज सुधार से जुड़े ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# द हेरिटेज स्कूल फाजिल्का में पंजाब स्कूल गेम्स की ज़ोनल स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

मेजबान स्कूल के 7 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये किया क्वालीफाई





**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** पंजाब स्कूल गेम्स की ज़ोनल स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन द हेरिटेज स्कूल फाजिल्का द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में द हेरिटेज स्कूल फ़ाजिल्का के 7 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में लक्षित शर्मा, रूहान, करिश, प्रिक्षित, एकजोत, सान्या और रोनव शामिल हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नैन्सी छाबड़ा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है तथा जिला स्तर पर भी उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

स्केटिंग कोच विनोद कुमार ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों, कोच एवं अभिभावकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# फाजिल्का सब्जी मंडी में दो महीने से सफाई व्यवस्था बदहाल, गंदगी और बदबू से लोग परेशान

● सफाई न होने से बीमारियां फैलने का डर, रेहड़ी और ऑटो चालकों में रोष



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** पिछले एक लगभग 2 महीनों से फाजिल्का की सब्जी मंडी में सफाई न होने के कारण मंडी के चारों ओर गंदगी फैली हुई है जिसके कारण जहां विभिन्न बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है वही सफाई न होने के चलते लोगों में रोष की लहर है

जानकारी देते हुए सब्जी के रेहड़ी चालकों, ऑटो, मोटरसाइकिल ट्रॉली, पीटर रेडा,घोड़ा रेडा चालकों ने बताया कि सब्जी मंडी में गत लगभग 2 महीना से सफाई न होने के कारण मंडी के चारों ओर गंदगी की भरमार हुई पड़ी है जिसके कारण जहां विभिन्न बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है वही इस गंदगी से उठने वाली बदबू के कारण वहां पर खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है । जिसके कारण उनको विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मंडी में जहां पर आढर्तियां की दुकानें हैं और जहां पर सब्जी बिकती है वहां पर तो सफाई कर्मचारी सफाई कर जाते हैं लेकिन जहां पर रेहडिया लगती है और वह खड़े होते हैं वहां पर सफाई नहीं हो रही। जिसके चलते उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जब बारिश होती है उन दिनों के दौरान मंडी में गंदगी और फैल जाती है। उन्होंने मार्केट कमेटी फाजिल्का व नगर कौंसिल फाजिल्का से मांग करते हुए कहा कि मंडी में सफाई की ओर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बीमारियां फैलने का जो डर बना हुआ है उससे छुटकारा मिल सके और लोगों को जो परेशानियां हो रही है उससे भी निजात मिल सके।

# भजन गायक लविश लव आज माता चिंतपूर्णी में करेंगे महामाई का गुणगान : साजन गुगलानी

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** पंजाब के प्रशिद्ध भजन गायक लविश लव श्री अमृतसर वाले आज 12 अगस्त को माई दा सदन नजदीक बस स्टैंड चिंतपूर्णी में महामाई का गुणगान करने पहुंच रहे हैं। यह जानकारी लविश लव के प्रिय मित्र फाजिल्का वासी साजन गुगलानी ने श्री अमृतसर में लविश लव के निवाश स्थान पर मुलाकात करने के दौरान दी। साजन गुगलानी ने बताया कि सावन माह चल रहा है और सावन माह में माता रानी के परम भगत गायक लविश लव का जागरण आज 12 अगस्त माई दा सदन नजदीक बस स्टैंड चिंतपूर्णी में होने जा रहा है। साजन गुगलानी ने कहा की भजन गायक लविश लव ने अपनी तरफ से माता रानी के भगतों को माता रानी के जागरण में पहुंचने के लिये आमंत्रित किया है।



# एडवोकेट दीपक छाबड़ा द्वारा टैक्सेशन और प्रोफेशनल शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल

जीएसटी और इनकम टैक्स के प्रोफेशनल कोर्स होंगे संचालितः एडवोकेट दीपक छाबड़ा

जीएसटी रिटर्न, इनकम टैक्स फाइलिंग, टैक्स प्लानिंग और अकाउंटिंग की दी जाएगी ट्रेनिंग

**फाजिल्का (संदीप चलाना):** फाजिल्का में टैक्सेशन और प्रोफेशनल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए एडवोकेट दीपक छाबड़ा द्वारा 'छाबड़ा कॉम्प्लेक्स' की शुरुआत की गई है। इस परिसर में जीएसटी एवं इंक्म टैक्स कोसर्से शुरू किए जा रहे हैं, जिन्हें जिले में पहली बार इस प्रकार की विशेष प्रोफेशनल ट्रेनिंग के रूप में देखा जा रहा है।

एडवोकेट दीपक छाबड़ा, जो जीएसटी और इनकम टैक्स के प्रोफेशनल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ने बताया कि इन कोर्सों का उद्देश्य युवाओं, छात्रों और व्यापारिक वर्ग को टैक्सेशन संबंधी व्यावहारिक जानकारी और रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाना है। इन कोर्सों में जीएसटी रिटर्न, इनकम टैक्स फाइलिंग, टैक्स प्लानिंग और अकाउंटिंग से जुड़े विभिन्न विषयों की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में टैक्सेशन की जानकारी हर व्यवसाय और नौकरी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण हो गई है, इसलिए यह पहल युवाओं के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। एडवोकेट दीपक छाबड़ा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी और अभिभावक अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 96466-70220 मोबाइल नंबर 9115715359 पर संपर्क कर सकते हैं। संस्थान का पता छाबड़ा कॉम्प्लेक्स, सुंदर आश्रम के नजदीक, फाजिल्का-152123 है।




एडवोकेट दीपक छाबड़ा ने बताया कि यह पहल जिले में पहली बार इस प्रकार की विशेष प्रोफेशनल ट्रेनिंग उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में जीएसटी और इनकम टैक्स की जानकारी हर व्यवसाय और नौकरी के क्षेत्र में आवश्यक हो गई है।

# फाजिल्का रिक्रिएशन क्लब के खिलाड़ियों ने जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीते 7 पदक

क्लब के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर किया शानदार प्रदर्शन

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** फाजिल्का जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 9 व 10 अगस्त को अबोहर में किया गया, जिसमें जिले भर से विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में फाजिल्का रिक्रिएशन क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए। इनमें 1 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-17 गर्ल्स डबल्स में फाजिल्का रिक्रिएशन क्लब की आसमा एवं सनमीत की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। वहीं अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स में सनमीत ने रजत पदक जीता।अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स में क्लब की खिलाड़ी आस्था ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-15 मिक्स्ड डबल्स में आरवी एवं कृष की जोड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर क्लब का नाम रोशन किया। इसी तरह अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में सनमीत ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-15 बॉयज़ डबल्स में तविश एवं तेजस की जोड़ी ने रजत पदक, जबकि आरिफ एवं देव ने कांस्य पदक अपने नाम किया।



इस उपलब्धि पर फाजिल्का रिक्रिएशन क्लब के सचिव अशोक कामरा, उपप्रधान रूबी काठपाल और कोषाध्यक्ष विजय गंगनेजा व वरिष्ठ सस्दय डॉ कर्ण आर्य ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और कोच एस. झांब को बधाई दी। सचिव अशोक कामरा ने कहा कि क्लब के खिलाड़ी लगातार विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर फाजिल्का का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कोच एस. झांब ने बताया कि आसमा और सनमीत ने रीजनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल किया है और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये अपना स्थान पक्का किया है। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलों से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण जरूरत है। खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक फिटनेस और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। फाजिल्का रिक्रिएशन क्लब भविष्य में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और उचित मंच उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत रहेगा।

# पूर्व विधायक रमिंदर सिंह आवला द्वारा शिव भक्त कांवड़ियों का स्वागत

**जलालाबाद (बिट्टू दूमडा/शिवम) :** सावन माह के पावन अवसर पर निकाली जा रही कांवड़ यात्रा के दौरान पूर्व विधायक रमिंदर सिंह आवला ने शिव भक्त कांवड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए मंगलमय यात्रा और सकुशल वापसी की कामना करते हुए भगवान शिव से प्रार्थना की। इस अवसर पर श्री आवला ने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और सेवा भावना का प्रतीक है। भगवान शिव के प्रति श्रद्धा के साथ लंबी यात्रा करने वाले कांवड़ियों की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में पूरा वातावरण शिव भक्ति से सराबोर है और हर–हर महादेव के जयघोष श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। आवला ने कहा कि भगवान भोलेनाथ सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करें, उनकी यात्रा सुरक्षित और सफल बनाए रखें तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें।



# पीएम श्री स्कूल की छात्राओं ने किया एक दिवसीय शैक्षणिक और वैज्ञानिक भ्रमण

● शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : मैडम स्वतंत्र पाठक

**फाजिल्का (संदीप चलाना):** पंजाब सरकार शिक्षा विभाग के दिशानिर्देशों के तहत और प्रिंसिपल मैडम स्वतंत्र पाठक के कुशल मार्गदर्शन में पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्या),



फाजिल्का की नौवीं और दसवीं कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक और वैज्ञानिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं के दल को साइंस सिटी, कपूरथला के दौरे पर ले जाया गया। यह यात्रा स्कूल के समर्पित विज्ञान अध्यापक नवनीत सेठी, अंकित गुप्ता , मैडम अमनदीप कौर और मैडम सीमा कटारिया की योग्य और कुशल अगुवाई में 07 अगस्त 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

शेष पेज 7 पर

# सरकारी गर्ल्स कॉलेज में अमिट यादें छोड़ गया तीज का समारोह

## छात्राओं ने पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाते विभिन्न पारंपरिक नृत्य और लोक कलाएं की प्रस्तुत

**जलालाबाद (बिट्टू दूमडा/शिवम):** सरकारी कॉलेज (लड़कियों) जलालाबाद में पंजाबी संस्कृति और समृद्ध विरासत से जुड़ा तीज का समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम से आयोजित किया गया।



समारोह में कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पंजाबी संस्कृति की विभिन्न विरासती कलाओं की शानदार प्रस्तुति दी।

समारोह के दौरान छात्राओं ने पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाते विभिन्न पारंपरिक नृत्य और लोक कलाएं प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से गिद्धा की प्रस्तुति ने खूब रंग जमाया और पूरा माहौल पंजाबी संस्कृति की खुशबू से सराबोर हो गया। छात्राओं ने पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सज-धजकर गिद्धा और अन्य लोक नृत्यों के माध्यम से पंजाब की समृद्ध विरासत को जीवंत किया।

यह समारोह कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ज्योत्सना की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज इंचार्ज डॉ. परमिंदर कौर ने छात्राओं को पंजाबी संस्कृति और समृद्ध विरासत से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक समारोह युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं और विरासती कलाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस मौके पर कॉलेज का समूचा स्टाफ भी मौजूद रहा और छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कुल मिलाकर तीज का यह समारोह पंजाबी संस्कृति, लोक परंपराओं और विरासती कलाओं की सुंदर झलक पेश करते हुए यादगार बन गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी परिवार ने संगठन मजबूती के लिये तेज की मुहिम

## पदाधिकारियों ने बलजीत सिंह हनी एवं उनके परिवार से की गई विशेष मुलाकात



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी परिवार (भाजपा), फाजिल्का द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा नाराज़ एवं निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को पुनः सक्रिय करने की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी के तहत भाजपा कार्यकर्ता श्री बलजीत सिंह एवं उनके परिवार से विशेष मुलाकात की गई।

बैठक के दौरान उपस्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी परिवार भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य पूंजी है। कार्यकर्ताओं के सम्मान, संवाद और सहभागिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी कार्यकर्ता किसी कारणवश संगठन से दूर न रहे।

इस अवसर पर बलजीत सिंह हनी जी ने पुनः सक्रिय रूप से संगठन के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही संभव है।

इस अवसर पर एडवोकेट प्रवीण धन्जू, अशोक पाहवा, सुमन कटारिया,



दीपक बावा, शेखर कुमार, राकेश सुखीजा, गौरव चुघ, कमलेश चुघ, संदीप गिल्होत्रा, संदीप सचदेवा, पार्षद बलबीर सिंह, सोहन ढांतिया, विकास महिंद्रू, नरिंदर मैनी, एडवोकेट राज वर्मा, एडवोकेट नवीन पाहवा, सनी सरोवा, एडवोकेट विष्णु शर्मा, कंचन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी परिवार (भाजपा), फाजिल्का का संकल्प है कि संगठन का कोई भी कार्यकर्ता उपेक्षित महसूस न करे। कार्यकर्ता ही संगठन की पहचान, शक्ति और सम्मान हैं तथा सभी को साथ लेकर चलना ही संगठन की प्राथमिकता है।

# पेज 1 का शेष..

## भाजपा मशीनरी पंजाब ...

कर रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि पंजाब के युवा नशों से दूर रहें और एक हेल्दी और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ें। मंत्री ने कहा, पंजाब के युवा और किसान भाजपा के प्रोपेगैंडा से गुमराह नहीं होंगे। पंजाब के लोग आप सरकार के जमीनी स्तर पर किए गए काम और भाजपा की सोशल मीडिया पर गुमराह करने वाली पोस्ट के ज़रिए राज्य को बदनाम करने की कोशिशों के बीच का अंतर समझते हैं।

## फिरोज़पुर में 30 ...

आकाश सिंह उर्फ आकाश (22) निवासी गांव गुलाम पत्तड़ा, फिरोज़पुर और वर्तमान पता संत कबीर नगर, फिरोज़पुर और अंशप्रीत सिंह उर्फ अंश (25), निवासी राजघाट, फिरोज़पुर के रूप में हुई है। हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के अलावा, तस्करी की गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जा रही एक हुंडई वर्ना कार (पीबी-77-5973) भी बरामद की गई है। यह सफलता पंजाब पुलिस द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त ऑपरेशन के दौरान 30.200 किलोग्राम हेरोइन समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सीमा पार से चल रहे नशा तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश करने के कुछ दिनों बाद हासिल हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह खेप विदेशी नशा तस्कर द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से भेजी गई थी और यह खेप एक भारतीय तस्कर द्वारा आगे सप्लाई करने के लिए फिरोज़पुर के गांव अली के के क्षेत्र से प्राप्त की गई थी। उन्होंने बताया कि सीमा पार के हैंडलरों से जुड़े सभी व्यक्तियों की पहचान करने और इस नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एडीजीपी) एएनटीएफ नीलभ किशोर ने बताया कि आरोपियों द्वारा इस बड़ी खेप की प्राप्ति के बाद इस खेप को ले जाने संबंधी प्राप्त ठोस मानवीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, एसपी एएनटीएफ फिरोज़पुर रेंज गुरिंदरबीर सिंह के नेतृत्व में एएनटीएफ टीमों ने फिरोज़पुर-फाजिल्का रोड पर एक विशेष ऑपरेशन चलाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया जो अपनी हुंडई वर्ना कार में जा रहे थे। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी की तलाशी के दौरान 30.672 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। एडीजीपी ने बताया कि आगे की जांच के दौरान आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी होने की संभावना है। इस संबंध में, एफआईआर नंबर 177 दिनांक 10-08-2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत एसएएस नगर के पुलिस स्टेशन एएनटीएफ में दर्ज की गई है।

# पेज 3 का शेष...

## वन मंत्री लाल चंद ....

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता की सुरक्षा और किसानों तथा स्थानीय समुदायों की आय में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस अवसर पर वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग के सचिव कमल किशोर यादव, प्रमुख मुख्य वनपाल (वन बल के प्रमुख) धर्मेंद्र शर्मा, सौरव गुप्ता पीसीसीएफ मुख्य परियोजना निदेशक, मुख्य वन्यजीव वार्डन बसंता राज कुमार, मुख्य वनपाल (प्लेन्स) निधि श्रीवास्तव, मुख्य वनपाल (वन्यजीव) सतींदर सागर तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## श्री गुरु रविदास जी ....

को और मजबूत करें। 'बेगमपुरा' की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्री चीमा ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज द्वारा परिकल्पित 'बेगमपुरा' ऐसे आदर्श सामाजिक व्यवस्था का प्रतीक है, जो भेदभाव, शोषण और असमानता से मुक्त हो। गुरु जी महाराज की बाणी में निहित सिद्धांत एक न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मार्गदर्शक शक्ति के रूप में कार्य कर सकते हैं। विद्यार्थियों और विद्वानों से गुरु जी महाराज की शिक्षाओं का गहन अध्ययन करने का आह्वान करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों और विद्वानों को गुरु जी महाराज की बाणी का गहराई से अध्ययन करना चाहिए और इसकी समकालीन प्रासंगिकता को समझना चाहिए। शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है कि वे महान आध्यात्मिक व्यक्तित्वों और समाज सुधारकों की शिक्षाओं एवं दर्शन पर शोध, संवाद और बौद्धिक विमर्श को बढ़ावा दें। सेमिनार के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने भी विचारपूर्ण संबोधन किए। इनमें गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (जी.एन.डी.यू.), अमृतसर के पंजाबी विभाग के प्रमुख प्रो. मनजिंदर सिंह तथा तप स्थान श्री गुरु रविदास जी, खुरालगढ़ के संत केवल सिंह जी शामिल थे। वक्ताओं ने श्री गुरु रविदास जी महाराज की विचारधारा की आधुनिक समाज में गहरी प्रासंगिकता तथा भेदभाव के उन्मूलन एवं सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए उनकी शिक्षाओं की निरंतर प्रेरणादायक भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंच पर एमिटी यूनिवर्सिटी, मोहाली के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. पुनीत शर्मा तथा रजिस्ट्रार डॉ. दलीप कुमार सहित प्रमुख शैक्षणिक हस्तियां उपस्थित थीं। डॉ. दलीप कुमार ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सरकारी विभागों, आमंत्रित विद्वानों, फैकल्टी सदस्यों तथा सेमिनार में भाग लेने वाले विद्यार्थियों द्वारा दिए गए योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एस.डी.एम. मोहाली श्रीमती दमनदीप कौर तथा पंजाब के उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक डॉ. मनीष शर्मा के अलावा एमिटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

# पेज 6 का शेष...

## पीएम श्री स्कूल की ...

इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना और कक्षा में पढ़ी गई थ्योरी को व्यावहारिक रूप में दिखाना था। साइंस सिटी में छात्राओं ने विभिन्न विज्ञान दीर्घाओं, 3 डी शो, स्पेस गैलरी, लेजर शो और रोबोटिक्स गैलरी को देखा, जिससे उन्हें विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को आसानी से समझने का अवसर मिला । प्रिंसिपल स्वतंत्र पाठक ने इस अवसर पर कहा कि पंजाब सरकार का शिक्षा विभाग राज्य के सरकारी स्कूलों को 'पीएम श्री' योजना के तहत विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान कर रहा है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि वे किताबी ज्ञान से परे जाकर दुनिया को समझ सकें। छात्राओं ने भी इस यात्रा को बेहद मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बताया और पंजाब सरकार व स्कूल प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया।

# स्कूटर व्यापारियों की बैठक, ओटीपी समस्या के समाधान की मांग, विधायक सिद्धू से लगाई गुहार

**लुधियाना (रिंकू):** आत्म नगर से विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू की अध्यक्षता में बचत भवन में पंजाब स्कूटर बाजार एसोसिएशन के साथ अहम बैठक हुई। बैठक में एसोसिएशन के पंजाब प्रधान दीपक अरोड़ा और चेयरमैन गुरतेज सिंह तेजा सहित कई जिलों के व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट विभाग के वाहन 4.0 पोर्टल में ओटीपी और तकनीकी गड़बड़ी के कारण वाहनों की खरीद-फरोख्त, मालिकाना हक बदलने और हायर परचेज चढ़ाने-उतारने में भारी परेशानी आ रही है। विधायक सिद्धू ने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार व्यापारियों की मुश्किलों को प्राथमिकता पर हल करेगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट विभाग से बात कर वाहन 4.0 की सभी तकनीकी समस्याओं का जल्द निपटारा करवाया जाएगा।



# माताओं की मौत रोकने को मिशन जीवनी शुरू

## डीसी ने कहा- देरी से नहीं जानी चाहिए किसी मां की जान, निजी अस्पताल एक गरीब का करें मुफ्त इलाज



**लुधियाना (रिंकू):** जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने मिशन जीवनी के तहत चार माह के विशेष अभियान की शुरुआत की है। स्थानीय बचत भवन में मंगलवार को आयोजित बैठक में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर एडीसी (ग्रामीण विकास) नरिंदर सिंह, सिविल सर्जन डॉ. हरिंदर सूद, डिप्टी मेडिकल कमिश्नर डॉ. वरुण सग्गर, डीएफपीओ डॉ. अमनप्रीत, डीएमसीएच, सीएमसी, दीप अस्पताल सहित निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम के प्रतिनिधि, एमपीएचडब्ल्यू और आशा वर्कर उपस्थित रहे। डीसी जैन ने कहा कि मिशन का मुख्य उद्देश्य माताओं की जान बचाना है। देरी, रेफरल की कमी या संसाधनों के अभाव में किसी भी मां की मौत नहीं होनी चाहिए। सभी सरकारी व निजी स्वास्थ्य संस्थानों को आपसी तालमेल से काम करना होगा। उन्होंने निजी अस्पतालों को निर्देश दिए कि हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों को बिना देरी बड़े अस्पतालों में रेफर किया जाए। गर्भवती के आते ही तुरंत जांच व इलाज शुरू हो और हाई-रिस्क मरीजों के लिए ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने अपील की कि सभी निजी अस्पताल मानवता के नाते कम से कम एक जरूरतमंद मरीज का मुफ्त इलाज करें। बताया गया कि मिशन चार बिंदुओ- जागरूकता, हाई-रिस्क मामलों की ट्रैकिंग, डिलीवरी व एंबुलेंस प्रबंधन और ब्लड बैंक प्रबंधन पर केंद्रित रहेगा। डीसी ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अस्पतालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

# डीजे बंद होने से नाराज युवक ने जहरीली वस्तु निगली , उपचार जारी

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** फाजिल्का के अरनीवाला क्षेत्र में जन्मदिन की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब एक युवक ने डीजे बंद होने से नाराज होकर कथित तौर पर जहरीली वस्तु निगल ली। घटना के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और परिजनों ने उसे तुरंत एंबुलेंस की सहायता से फाजिल्का के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है।



जानकारी के अनुसार, सुखचैन सिंह ने बताया कि उनके भांजे कुलविंदर सिंह के छोटे भाई गग्गू का जन्मदिन मनाया जा रहा था। इस मौके पर घर में एक छोटा कार्यक्रम रखा गया था जिसमें रिश्तेदारों और बच्चों ने भी भाग लिया। सभी लोग डीजे पर गीत-संगीत के साथ जन्मदिन का जश्न मना रहे थे। बताया जा रहा है कि देर रात होने के कारण डीजे संचालक ने गाने बंद कर दिए। इसी बात को लेकर कुलविंदर सिंह ने डीजे दोबारा चलाने की बात कही। इस दौरान कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के बाद कुलविंदर सिंह ने गुस्से में आकर कोई जहरीली वस्तु निगल ली।

युवक की हालत बिगड़ने पर परिवार के सदस्य घबरा गए और उसे तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है। डॉक्टरों की ओर से मामले की सूचना पुलिस को भी भेजी जा रही है, ताकि घटना के कारणों की जांच की जा सके। परिजनों का कहना है कि उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और जिस घर में जन्मदिन की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अचानक हुई इस घटना से सभी सदमे में हैं। उन्होंने युवक के बेहतर इलाज और जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। पुलिस मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

**मंडल अभियन्ता-मुख्यालय/फिरोजपुर,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित शीर्षक बाली खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं, जो **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं तथा जिनकी बंद होने की तिथि **03.09.2026 एवं 07.09.2026** अपरांहन **15:00 बजे** तक है। निविदाकर्ता केवल निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक ही अपनी मूल अथवा संशोधित निविदाएँ प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाले किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र शुल्क एवं बयाना राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यमों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही कर सकेंगे। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीद, एफ.डी.आर. आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** लॉगइन करें।

| निविदा प्रकार | खुला | निविदा अनुभाग | कार्य | पैकेट प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 10.08.2026 | बोली शुरू की तिथि | 20.08.2026 & 24.08.2026 | निविदा समापन की तिथि तथा समय | 03.09.2026 & 07.09.2026 15:00 बजे |

| क्र.सं. | निविदा संख्या, तारीख | निविदा का विवरण | विज्ञापित मूल्य(₹) | बयाना राशि(₹) | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि | समान प्रकृति का कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 77-2026-27-ADEN-1-FZR | सहायक मंडल अभियंता-प्रथम/फिरोजपुर के अंतर्गत लुधियाना-फिरोजपुर सेक्शन में लुधियाना-बद्दोवाल ब्लॉक में अतिक्रमण की आशंका वाले स्थानों पर बाउंड्री वॉल का निर्माण। | ₹4,25,84,278.44 | ₹8,51,700/- | 60 दिन | 12 महीने | "प्रीकास्ट या कास्ट-इन-सिटू RCC/PSC का काम या RCC बाउंड्री वॉल का निर्माण" |
| 2. | 78-2026-27-ADEN-1-FZR | सहायक मंडल अभियंता-प्रथम/फिरोजपुर के अंतर्गत बद्दोवाल-मुल्लांपुर सेक्शन पर अतिक्रमण रोकने के उपाय के तौर पर, बड़े शहरों और उनके रास्तों के पास बाउंड्री बॉल का निर्माण। | ₹4,69,04,895.41 | ₹9,38,100/- | 60 दिन | 12 महीने | "प्रीकास्ट या कास्ट-इन-सिटू RCC/PSC का काम या RCC बाउंड्री वॉल का निर्माण" |
| 3. | 93-2026-27-ADEN-1-FZR | सहायक मंडल अभियंता-प्रथम/फिरोजपुर (2026-2027) के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/वर्क्स/फिरोजपुर सेक्शन में फिरोजपुर (ज़ोन नंबर 1) की कॉलोनी नंबर 1 और 2 में सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ-साथ नए काम, मौजूदा ढांचे में बदलाव और जरूरी काम। | ₹89,98,367.70 | ₹1,80,000/- | 60 दिन | 12 महीने | "ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।" |

नोटः 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करेंगे। 2. हिन्दी में किसी भी त्रुटि हेतु अंग्रेजी वर्जन का अवलोकन करें, तथा अंग्रेजी वर्जन ही मान्य होंगे।

निविदा संख्याः 77, 78 & 93-2026-27-ADEN-1-FZR दिनांकः 11.08.2026 2778/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के


# किसान अंग्रेज़ सिंह के खेतों में से चोरों द्वारा मोटरों की तारें चोरी

**मंडी लाघूका (दुआ सिंह):** जिले के मंडी लाधूका के किसान अंग्रेज़ सिंह के खेतों में से चोरों द्वारा रात को मोटरों की तारें उतार ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी देते हुए अंग्रेज़ सिंह के नौकर राजी सिंह ने बताया कि हमारी मोटरों के ताले तोड़ कर चोरों द्वारा मोटरों की तारें उतार कर ले जाई गईं।



इस मौके पर राजी सिंह ने बताया कि बाड़े के बीच कुछ नई तारें भी रखी हुई थीं और एक गैस का सिलेंडर भी रखा हुआ था, चोरों द्वारा वह भी अपने साथ ले जाया गया। राजी सिंह ने बताया कि इससे पहले भी चोरों द्वारा मोटरों की तारें उतार ली गई थीं। पुलिस को चाहिए कि इन चोरों के साथ सख्ती से पेश आया जाए ताकि किसानों की मोटरों की तारें वे बार-बार न ले जा सकें।

इससे पहले भी अन्य कई किसानों की मोटरों की तारें चोरी हो चुकी हैं पर अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी चोर पकड़ा नहीं जा सका है। किसानों ने बताया कि यह काम नशा करने वाले चोरों का हो सकता है जो किसानों की तांबे की तारें उतार कर ले जाते हैं और सस्ते दामों में बेच देते हैं लेकिन किसानों को ये तारें महंगी खरीदनी पड़ती हैं। किसानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन नशेड़ी चोरों को पकड़ कर सख्त से सख्त सजा दी जाए ताकि वे किसी भी किसान की तार उतारने की हिम्मत न करें।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना पत्र सं.: 81,82,83,84,85,86,87-2026-27-ADEN-LDH & 88-2026-27-SrDEN-I-FZR & 89,90,91- 2026-27-ADEN-JRC

दिनांक : 10.08.2026

वरिष्ठ मण्डल अभियंता -प्रथम/फिरोजपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित शीर्षक वाली खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं, जो **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं तथा जिनकी निविदा बंद होने की तिथि 31.08.2026 अपराह्न 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता केवल निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक ही अपनी मूल अथवा संशोधित निविदाएँ प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाले किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र शुल्क एवं बयाना राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यमों, जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही कर सकेंगे। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीद, एफ.डी.आर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुला | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | बोली शुरू की तिथि | बोली समापन की तिथि तथा समय |
| 06.08.2026 | 17.08.2026 | 31.08.2026 / 15:00 बजे |

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा का विवरण | विज्ञापन मूल्य (रु.) | ब्याना राशि | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि | समान प्रकृति का कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 81-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अधिकार क्षेत्र में लुधियाना स्थित स्टेशन बिल्डिंग और अन्य सर्विस बिल्डिंग में जोन नंबर 1/2026-27 के तहत सामान्य मरम्मत और रखरखाव, साथ ही नए काम, मौजूदा ढांचों में विस्तार और बदलाव तथा आपातकालीन कार्य। | 10999999.65 | 220000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 2 | 82-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अधिकार क्षेत्र में लुधियाना स्थित डीजल शेड, RPF बैरक, RPSF बैरक और लोको ऑफिस आदि में जोन नंबर 2/2026-27 के तहत सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ-साथ नए काम, मौजूदा ढांचों में विस्तार और बदलाव तथा आपातकालीन कार्य। | 8499925.04 | 170000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 3 | 83-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/लुधियाना के सेक्शन में, लुधियाना (Ludhiana) में लुधियाना (LUDHIANA) (इसे छोड़कर)-सानेहवाल (SANEHWAL) सेक्शन पर सर्विस बिल्डिंग और स्टाफ क्वार्टर्स में जोन नंबर 3/2026-27 के तहत सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ-साथ नए काम, मौजूदा स्ट्रक्चर में बदलाव और जरूरी काम। | 9999997.82 | 200000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 4 | 84-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/लुधियाना सेक्शन में लुधियाना की कॉलोनी नंबर 1 से 13 में स्थित स्टाफ क्वार्टरों की सामान्य मरम्मत और रखरखाव, साथ ही नए काम, मौजूदा ढांचों में विस्तार और बदलाव, और आपातकालीन कार्य (जोन नंबर 4 /2026-27)। | 11999894.94 | 240000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 5 | 85-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/फगवाड़ा सेक्शन में स्टेशन की इमारतों और अन्य सर्विस बिल्डिंग्स की सामान्य मरम्मत और रखरखाव, साथ ही नए काम, मौजूदा ढांचों में बदलाव और जरूरी काम। | 12999994.71 | 260000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 6 | 86-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अधिकार क्षेत्र में लुधियाना स्थित इलेक्ट्रिक शेड और TRD ऑफिस आदि में जोन नंबर 5/2026-27 के तहत सामान्य मरम्मत और रखरखाव, साथ ही नए काम, मौजूदा ढांचों में विस्तार और बदलाव तथा आपातकालीन कार्य। | 3999966.00 | 80000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'कोई कार्य नहीं।' |
| 7 | 87-2026-27-ADEN-LDH | सहायक मंडल अभियंता/लुधियाना के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/फगवाड़ा सेक्शन में LHS के RCC बॉक्स और रिटेनिंग वॉल के जोड़ों में एपॉक्सी ग्राउटिंग जैसे ड्रेनेज सुधार के काम और विभिन्न LHS की सड़कों में सुधार का काम। | 44834549.56 | 896700.00 | 60 दिन | 06 महीने | 'एपॉक्सी या एपॉक्सी-आधारित केमिकल्स का इस्तेमाल करके मरम्मत करें' |
| 8 | 88-2026-27-SrDEN-I-FZR | वरिष्ठ मंडल अभियंता-प्रथम/फिरोजपुर के तहत सनेहवाल-जालंधर सिटी सेक्शन पर PQRS के जरिए 34.797 km तक 'थ्रू' स्लीपर रिन्यूअल (पूरे स्लीपर बदलने) का काम किया जाएगा। इसमें UP और DN लाइनों पर अलग-अलग जगहों पर बेस डिपो/साइट से जुड़ी कई गतिविधियाँ शामिल हैं। मौजूदा ट्रैक में 60 kg रेल और M+7 डेंसिटी वाले PSC-6 स्लीपर लगे हैं जिन्हें M+8 डेंसिटी वाले प्रस्तावित PSC वाइडर स्लीपर से बदला जाएगा। यह काम इन जगहों पर होगा: DN लाइन (km 386.79 से 388.97 और 390.00 से 401.14) और UP लाइन (km 369.00 से 374.50, 376.53 से 377.53, 387.00 से 388.97, 389.00 से 398.00, 399.00 से 399.98, 377.606 से 380.00, 385.06 से 385.60 और 385.807 से 385.90)। | 45368543.61 | 907400.00 | 60 दिन | 10 महीने | "CTR/TRR/TFR/TTR, जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक का स्ट्रेस हटाना (destressing), और ट्रैक मेंटेनेंस मशीनों (जैसे टैम्पिंग मशीन, बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन) के लिए प्री-और पोस्ट-वर्क शामिल हैं, साथ ही T28 से TTR का काम भी शामिल है। |
| 9 | 89-2026-27-ADEN-JRC | सहायक मंडल अभियंता/जालंधर छावनी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/नकोदर सेक्शन के फिल्लौर-लोहियन खास और जालंधर सिटी-नकोदर सेक्शन में स्टेशन बिल्डिंग और अन्य सर्विस बिल्डिंग में जोन वर्क /2026-27 के तहत सामान्य मरम्मत और रखरखाव के साथ-साथ नए काम, मौजूदा ढांचों में बदलाव और जरूरी काम। | 9999995.60 | 200000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 10 | 90-2026-27-ADEN-JRC | सहायक मंडल अभियंता/जालंधर छावनी के अंतर्गत वाले वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/जालंधर छावनी सेक्शन में वर्ष 2026-27 के लिए सामान्य मरम्मत और रखरखाव, साथ ही मौजूदा ढांचों में नए काम, विस्तार और बदलाव, और सर्विस बिल्डिंग व स्टाफ क्वार्टर से जुड़े इमरजेंसी काम। | 13999999.41 | 280000.00 | 60 दिन | 12 महीने | 'ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।' |
| 11 | 91-2026-27-ADEN-JRC | सहायक मंडल अभियंता/जालंधर छावनी के तहत वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता/कार्य/नकोदर के फिल्लौर-लोहियां खास से जालंधर शहर-नकोदर खंड में LHS की डीवाटरिंग | 2999998.40 | 60000.00 | 60 दिन | 04 महीने | 'कोई कार्य नहीं।' |

नोट : 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करेंगे।
2. हिन्दी में किसी भी त्रुटि हेतु अंग्रेजी वर्जन का अवलोकन करे, तथा अंग्रेजी वर्जन ही मान्य होंगे।

2756/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


RNI NO. PUNHIN 2004/16599 स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश नागपाल के लिये चंपक प्रिंटर्स डेरा सच्चा सौदा रोड़, फाजिल्का, जिला फाजिल्का से मुद्रित और सामने मुख्य डाकघर (पंचायत समिति मार्केट) फाजिल्का, जिला फाजिल्का से प्रकाशित, संपादक मनोज नागपाल। मो. 9779000122, 9592500112 01638-264200 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों का चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरादायी तथा समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र फाजिल्का में होगा। Postal Regd. No. FZR/03/2025-27








# नवनियुक्त कांग्रेस ब्लाक प्रधान एडवोकेट रितेश गगनेजा ने कांग्रेस आलाकमान का जताया आभार

**● पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत से कार्य करूंगा : रितेश गगनेजा ● समरबीर सिद्धू ने बधाई देते कहा, रितेश गगनेजा की नियुक्ति से कांग्रेस ओर होगी मजबूत**

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रधान एडवोकेट रितेश गगनेजा ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वो पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत से कार्य करेंगे।



इस नियुक्ति के बाद वह कांग्रेस नेता समरबीर सिंह सिद्धू के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिये धन्यवाद किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा वकील भाईचारे ने एडवोकेट रितेश गगनेजा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर कांग्रेस नेता समरबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक टकसाली परिवार और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को संगठन की जिम्मेदारी देकर कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि एडवोकेट रितेश गगनेजा लंबे समय से पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़े हुए हैं और उनके परिवार का कांग्रेस से पुराना नाता रहा है। सिद्धू ने कहा कि दिवंगत कांग्रेस नेता श्री भीम सैन गगनेजा ने कांग्रेस पार्टी के लिए लंबे समय तक समर्पित होकर कार्य किया। स्व. गगनेजा द्वारा पार्टी के लिए किए गए कार्यों और उनकी विचारधारा को उनके बच्चे भी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने एडवोकेट रितेश गगनेजा को विश्वास दिलाया कि संगठनात्मक कार्यों में उनका हर संभव सहयोग किया जाएगा और पार्टी की मजबूती के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।



नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस प्रधान एडवोकेट रितेश गगनेजा ने अपनी नियुक्ति के लिए केंद्र में विरोधी पक्ष के नेता कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पंजाब प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, महासचिव कैप्टन संधू, दफ्तर इंजार्ज हैप्पी खेड़ा, जिला प्रधान हरप्रीत सिंह सिद्धू ,आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुखवंत सिंह बराड़ और पूर्व विधायक डॉ. महेंद्र रिणवा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। एडवोकेट रितेश गगनेजा ने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत से कार्य करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत किया जाए तथा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन में हर कार्यकर्ता का सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा।

# समाजसेवियों ने नायब तहसीलदार फाजिल्का हरप्रीत सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और सम्मान किया

**ऊर्जावान एवं कर्मठ अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्र में बेहतर सेवाएं दे रहेः विजय मैनी**


**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** फाजिल्का में बतौर नायब तहसीलदार सेवाएं दे रहे हरप्रीत सिंह का स्थानीय नागरिक एवं लैंडलॉर्ड विजय मैनी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार हरप्रीत सिंह के कार्य करने के तरीके और आम लोगों के प्रति उनके व्यवहार की सराहना की। इस मोके पर दी रिक्रिएशन क्लब के सचिव मुनीष कटारिया ,जलेश ठठई लक्की और विकास कटारिया सिटी लैब भी मौजूद थे।



विजय मैनी ने कहा कि फाजिल्का जैसे सीमावर्ती जिले में प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे क्षेत्र में अधिकारियों का आम लोगों के साथ सीधा संवाद, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनना और निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से कार्य करना बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार हरप्रीत सिंह एक ऊर्जावान, मेहनती और बढ़िया अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि हरप्रीत सिंह इसी सकारात्मक सोच और कार्यशैली के साथ भविष्य में भी फाजिल्का के लोगों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। मनीष कटारिया ने कहा कि किसी भी अधिकारी की पहचान केवल उसके पद से नहीं बल्कि उसके व्यवहार, कार्यशैली और जनता के प्रति जिम्मेदारी से होती है। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार हरप्रीत सिंह की कार्यशैली में सक्रियता और जिम्मेदारी की भावना दिखाई देती है, जिससे आम लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत होता है।

इस अवसर पर विजय मैनी ने नायब तहसीलदार हरप्रीत सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फाजिल्का जैसे सीमावर्ती क्षेत्र में उनकी सेवाएं महत्वपूर्ण हैं और उम्मीद है कि वह इसी तरह पूरी लगन एवं ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान में योगदान देते रहेंगे।






## सीवरेज व रेन वाटर ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने के लिए अरुण नारंग ने की मंत्री चीमा से मुलाकात

**अबोहर (दीपक मेहता):** शहर में लंबे समय से बदहाल चल रही सीवरेज व्यवस्था और विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण नारंग ने आज चंडीगढ़ में पंजाब के कैबिनेट मंत्री स. हरपाल सिंह चीमा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर की सीवरेज एवं रेन वाटर ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकार से शीघ्र फंड जारी करने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान अरुण नारंग ने मंत्री चीमा को बताया कि शहर के कई क्षेत्रों में पिछले लंबे समय से सीवरेज सिस्टम क्षतिग्रस्त होने के कारण सीवरेज के पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। कई वार्डों में सीवरेज का दूषित पानी जमा रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए पुरानी सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि शहर से सीवरेज और बारिश के पानी की निकासी के लिए बनी मुख्य राइजिंग मेन लाइन भी पिछले कई वर्षों से क्षतिग्रस्त हालत में है। इसके चलते शहर की सीवरेज एवं बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि राइजिंग मेन लाइन को नए सिरे से बनाने के लिए जल्द से जल्द फंड जारी किया जाए, ताकि इसका टेंडर लगाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया जा सके। अरुण नारंग ने शहर में लंबे समय से अधूरे पड़े अन्य विकास कार्यों के लिए भी शीघ्र फंड जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीवरेज और ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ शहर के अन्य जरूरी विकास कार्यों को पूरा करवाना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अरुण नारंग की ओर से रखी गई मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाने तथा मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर अरुण नारंग ने कहा कि शहर के विकास और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उनके प्रयास लगातार जारी रहेंगे।



## निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर मान सरकार ने लगाई रोक: सुरेंद्र कंबोज

**भगवंत मान सरकार के फैसले से लाखों लोगों को मिली राहत**

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** आम आदमी पार्टी पंजाब की मान सरकार द्वारा निजी स्कूलों की ओर से फीसों में की जाने वाली मनमानी पर रोक लगाते हुए लाखों लोगों को बड़ी राहत प्रदान की है। जानकारी देते हुए सुरेन्द्र कंबोज शिक्षा कोऑडिनेटर हल्का फाजिल्का ने कहा कि कोई भी निजी स्कूल सलाना फीस पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ा सकता। ट्यूशन फीस के ईलावा कोई भी फीस जो कम्पलसरी कह कर ली जाती थी, उन सभी फीसों को फीस ही नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा चाहे वो टूर हो, लाईब्रेरी फंड हो, बिल्डिंग फंड या फिर अन्य कोई ओर फंड को फीस ही माना जायेगा। कोई भी स्कूल तीनों सालों तक यूनिफार्म भी नहीं बदल सकता। शिक्षा को कमाई का साधन नहीं बनाया जा सकता है।







